




पाक्षिक
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 24-02-2025 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-27 अंक-17 भीलवाड़ा/ 22 फरवरी 2025 कुल पृष्ठ- 26 मूल्य : 25 रुपए



































## आगामी सीजन में अच्छा कारोबार होने की संभावना

### स्कूल यूनिफॉर्म में अधिक स्टॉक होने से बिकवाली का दबाव बढ़ा

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

थोक कपड़ा बाजार में कारोबार मंदा है। पहले धारणा थी कि बहुत ही जल्दी सुधार संभव है, लेकिन बाजार का रूख बेरूखा है। तैयार कपड़ों का उठाव अच्छा नहीं होने से वीविंग इकाइयों में उत्पादन नहीं बढ़ रहा है। कॉटन यार्न और सिंथेटिक यार्न महंगा होने के बाद सूती एवं सिंथेटिक कपड़ों में थोड़ी हलचल बढ़ी थी और लगा कि अब सूती ग्रे कपड़ों में कारोबार एवं भाव दोनों सुधरेगा, परंतु ग्राहकी नहीं होने से सूती ग्रे कपड़ों के भाव फिर से घटे हैं। देसावरी मण्डियों की मांग धीमी रहने एवं वैश्विक अनिश्चितता के कारण न तो स्थानीय स्तर पर कारोबार फिलहाल अच्छा है और न ही निर्यात में अपेक्षा के अनुकूल कामकाज हो रहा है।

उद्योग सूत्रों का कहना है कि भारत टेक्स 2025 देश का सबसे बड़ा टेक्सटाइल इवेंट है। नई दिल्ली में आयोजित विशाल मेला भारत के टेक्सटाइल एवं क्लोदिंग उद्योग के लिए गेम चेंजर साबित हो सकता है। इसमें कई देशों के सहभागी होने की संभावना है। मेले का उद्देश्य भारत के टेक्सटाइल एवं क्लोदिंग क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर पहुँचाना है। भारत टेक्स फेयर में विश्वभर से उद्योग अग्रणी, ग्राहक, फैशन डिजाइनर, व्यापार एवं उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया है। सभी वैल्यू चैन को शामिल किया गया है, जिसमें फाइबर, यार्न, कपड़ा, गारमेंट, मेडअप्स, होम टेक्सटाइल और टेक्निकल टेक्सटाइल तथा एसेसरीज शामिल है।

अमेरिका भारत का बड़ा व्यापारिक साझेदार है और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार अच्छा है, लेकिन अमेरिका में नई सरकार आने तथा डोनाल्ड ट्रम्प की संरक्षणवादी नीतियों के कारण भारत के निर्यात को झटका लगने की संभावना थी, परंतु प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और ट्रम्प की हालिया मुलाकात में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाए जाने की बढ़ी संभावना से कपड़ा एवं क्लोदिंग निर्यात को बड़ी मार नहीं पड़ेगी। जो देश जितना शुल्क लगाएगा,

शेषांश पृष्ठ 10 पर ...



















# वैवाहिक सीजन से मार्केट में ग्राहकी जबरदस्त

**ब्यावर/ अनिल डोसी...** वैवाहिक सीजन से मार्केट में ग्राहकी अच्छी चल रही है। ड्रेस मटीरियल, साड़ियों, सलवार सूट, फैंसी बेस, प्लेन, प्रिंट, इण्डो प्रिंट, टेरी रूबिया की बाजार में डिमाण्ड बनी हुई है। सूटिंग-शर्टिंग, रेडीमेड, टी-शर्ट, शर्ट पीस, जींस ट्राउजर का चलन ज्यादा ही बढ़ गया है। आगामी होली फेस्टिव सीजन की तैयारियों में व्यापारी जोरे-शोर से लगे हुए हैं।










# महाकुंभ के कारण कपड़ा बाजार सुस्त, ग्रे मार्केट में तेजी

**पाली/ कैलाश टवानी**

पिछले एक माह से चल रहे महाकुंभ मेले में भारत ही नहीं बल्कि विदेशों से आए लोगों की भारी भीड़ है। इस बार महाकुंभ मेले के कारण कपड़ा मार्केट में सुस्ती बनी हुई है। ग्राहकी न होते हुए भी ग्रे मार्केट बहुत तेज हो चुके हैं, वहीं सर्दी भी उत्तर भारत में रहने से ग्राहकी इस समय कमजोर रहती है, लेकिन इस बार सर्दी एवं महाकुंभ मेले का प्रभाव होने से ग्राहकी मण्डियों में कमजोर रही है एवं होली के समय ही ग्राहकी चल पाएगी। ऐसे में सर्दी एवं महाकुंभ मेला भी खत्म हो रहा है। अभी ग्राहकी कमजोर रहने के कारण डाइंग, फर्मा टेक्स हाउस, फेल्ट हाउस खाली है एवं ट्रेडर्स के पास स्टॉक भराव ज्यादा है। ट्रेडर्स का कहना है कि आगे होली पर पाली का प्रोसेसर्स 15-20 दिन बंद रहता है। होली के बाद ग्राहकी चलेगी तब तक माल तैयार करा रहे हैं। ग्राहकी कमजोर रहने के कारण पेमेंट पोजीशन टाइट चल रही है एवं आगे व्यापारी सोच रहे हैं कि मार्च के समय जो एमएसएमई में प्रक्रिया पर ग्रे वाले हैं, उनको पेमेंट देना जरूरी है। आगे पेमेंट पोजीशन टाइट के चलते ग्रे मार्केट कम ना हो जाए यह डर व्यापारियों को सता रहा है। अभी प्रिंट साड़ी, रूबिया, कॉटन, सूट, अस्तर आदि की भी डिमांड नहीं है। साउथ साइड में भी ग्राहकी कमजोरी बताई जा रही है। पोल्यूशन के चलते जो फैक्ट्रियां रोटेशन बंद में चला रहे हैं, उनकी कनेक्टिविटी पोल्यूशन बोर्ड काटकर उसकी कार्यवाही जोर-शोर से कर रहे हैं।
















Follow us

textileworld.tw

Brand Promotion & Textile News











modella
Since 1965
We Weave Warmth!
CLASSIC
BLAZER
modella
Fashion
FINEST TWEED FABRICS
FOR TRADE ENQUIRY : Contact : 82640-40737 | Website : www.modella.in | Email: modella.wool@gmail.com


PICASSO
by BAIRD Cotton
Picasso presents fine digital prints in
SUPER LUXURY COTTON
For Agent/Dealer enquiries, reach us at: Call: +91 9340605633 | Whatsapp: +91 9992514747 | Write to: helloburgoyne@bairdlinen.com
AVAILABLE AT ALL LEADING RETAIL OUTLETS | Follow us on /@bairdcottonofficial | /@bairdcotton_official | www.bairdcotton.com
Burgoyne & BAIRD Cotton are registered trademarks of WFB BAIRD & COMPANY (INDIA) PVT. LTD.
HOUSE OF BURGOYNE IRELAND
ESTD. 1912

सबसे अधिक दे रहा रोजगार

# भारत टेक्सटाइल्स और गारमेंट निर्यात का छठा सबसे बड़ा निर्यातक : आर्थिक सर्वेक्षण

नई दिल्ली/ राजेश शर्मा

देश के टेक्सटाइल्स और गारमेंट उद्योग का देश की अर्थव्यवस्था में एक बड़ा महत्त्व है। भारत का विश्व के टेक्सटाइल्स और गारमेंट निर्यात में छठा स्थान होने के साथ ही यह सेक्टर देश में सबसे अधिक रोजगार दे रहा है तथा वर्तमान परिस्थितियां इस सेक्टर के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। यह बात विगत दिनों संसद में पेश किए गए 2024-25 के आर्थिक सर्वेक्षण में की गई।

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार भारत ने वर्ष 2023 में 34 बिलियन डॉलर मूल्य के टेक्सटाइल्स तथा गारमेंट का निर्यात किया गया और विश्व में टेक्सटाइल्स तथा गारमेंट के निर्यातक देशों में छठे पायदान पर रहा। इस निर्यात में 42 प्रतिशत अंशदान गारमेंट का था, जबकि कच्चे-सेमी फिनिश्ड का योगदान 34 प्रतिशत रहा, इसके अलावा फिनिश्ड और गैर-गारमेंट आइटमों का योगदान 30 प्रतिशत था। इसका कहना है कि देश से कुल गारमेंट निर्यात का 66 प्रतिशत निर्यात केवल यूरोप और अमेरिका को किया गया। इसके बाद यूके का स्थान आता है जहाँ के लिए 8 प्रतिशत भाग का निर्यात, जबकि यूएई को 7 प्रतिशत का निर्यात किया गया। सर्वेक्षण का कहना है कि यह सेक्टर देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) औद्योगिक उत्पादन और निर्यात में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि यह क्षेत्र सबसे अधिक रोजगार देने वाले क्षेत्रों में से एक है, जिसमें 450 लाख से अधिक सीधे तौर पर रोजगार रहे हैं, जिसमें महिलाएँ और ग्रामीण आबादी भी शामिल है। इस सेक्टर की अधिकांश क्षमता (लगभग 80 प्रतिशत) देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) समूह में है।

सर्वेक्षण के अनुसार कोविड-19 यानि वर्ष 2020-2022 के दौरान देश से टेक्सटाइल्स और गारमेंट के निर्यात में उतार-चढ़ाव आते रहे तथा भारत में टेक्सटाइल्स और गारमेंट सेक्टर का विश्वस्तरीय होने के साथ परिवर्तन में अधिक समय नहीं लगता है। इसका मानना है कि पीएम मित्रा के माध्यम से तैयार किए गए टेक्सटाइल पार्क, प्लग एण्ड प्ले (जिसे तुरंत आरंभ किया जा सकता है) के समान विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर है जो सप्लाई शृंखला को सपोर्ट करेगा। इससे देश के टेक्सटाइल्स सेक्टर में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी आकर्षित होगा। एमएमएफ उत्पादों के लिए गहन अनुसंधान व विकास की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सरकार ने 1,480 करोड़ रूपए के नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल्स मिशन (एनटीटीएम) की स्वीकृति दी है। इसमें अनुसंधान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा इसके अंतर्गत अनुंसधान के 168 प्रोजेक्ट स्वीकृत किए गए हैं। सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राज्य और केंद्रीय करों और शुल्कों में छूट की योजना को भी 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया है। सर्वे का कहना है कि भारत में वस्त्र क्षेत्र के पक्ष में कई अनुकूल परिस्थितियां काम कर रही है जो इस क्षेत्र के लिए शुभ संकेत हैं।




# भारत टेक्स फैशन, सस्टेनेबिलिटी और नवाचार में ला रहा है क्रांति





दिल्ली/ भारत का सबसे बड़ा वैश्विक कपड़ा आयोजन, भारत टेक्स 2025, 14 से 17 फरवरी, 2025 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह आयोजन 2.2 मिलियन वर्ग फुट में फैला हुआ था और इसमें 5,000 से अधिक प्रदर्शक शामिल हुए, जो भारत के कपड़ा पारिस्थितिकी तंत्र का एक व्यापक प्रदर्शन प्रदान करते हैं। वैश्विक सीईओ, नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के लीडर्स सहित 120 से अधिक देशों के 1,20,000 से अधिक व्यापार आगंतुकों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। भारत टेक्स 2025 ने सरकार के 'फार्म से फाइबर, फैब्रिक, फैशन और विदेशी बाजार' दृष्टिकोण को गति देने के लिए एक मंच के तौर पर कार्य किया। भारत का कपड़ा निर्यात पहले ही रू 3 लाख करोड़ तक पहुँच चुका है और लक्ष्य घरेलू विनिर्माण को सुदृढ़ करके और वैश्विक पहुँच का विस्तार करके 2030 तक इसे तीन गुना कर रू 9 लाख करोड़ करने का है। इस कार्यक्रम ने कपड़ा क्षेत्र में भारत के नेतृत्व और नवाचार, स्थिरता और वैश्विक सहयोग के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।













Available at all the leading retail outlets across the country. For trade/ corporate enquiries, contact: 022-68330500.

## हार्दिक श्रद्धाञ्जलि

**बिछड़ा कुछ इस अदा से कि रुत ही बदल गई**
**इक शख्स सारे शहर को वीरान कर गया**



बुझ गया प्रज्वलित दीप
दिशाएं स्तंभित हैं
कैसे टूटा यह तारा
सभी अचंभित हैं
उस महाप्राण को दूँ
कैसे श्रद्धाञ्जलि मैं
नयनों में हैं अश्रु
अधर कुछ कंपित हैं

### श्री गुलशन अरोड़ा (गुल्लू जी)

टेक्सटाइल वर्ल्ड समाचार पत्र के सलाहकार, मेरे भ्राता तुल्य अभिन्न मित्र और शिखा टेक्सटाइल (अमृतसर) के संस्थापक, जिनके हृदय में करूणा का सागर हिलोरे लेता था। सरल और उदार हृदय के स्वामी, हर दिल अजीज गुल्लू जी जैसे आत्मीय स्वजन के देवलोकगमन से पलकें नम और हृदय द्रवित है।

ईश्वर उनकी आत्मा को शरण प्रदान करे।

**सम्पादक - योगेन्द्र शर्मा**
टेक्सटाइल वर्ल्ड परिवार

# पृथ्वी टेक्सटाइल्स एवं पायल साड़ी

## के तत्वावधान में रिटेलर्स कॉन्फ्रेंस का सफलतम आयोजन





**सिकंदराबाद/** 9 फरवरी 2025 को पृथ्वी टेक्सटाइल्स, पायल साड़ी सेंटर और पंकज टेक्सटाइल्स ने होटल मैरियट के तुरकोई हॉल में एक बेहद सफल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें आंध्रप्रदेश और तेलंगाना के लगभग 200 रिटेलर्स ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से रमजान और वैवाहिक सीजन के कलेक्शन के लिए शानदार प्रतिक्रिया देखी गई। इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण निजामाबाद विधायक(भाजपा) के श्री धनपाल सूर्यनारायण की उपस्थिति थी। गौरतलब है कि श्री धनपाल सूर्यनारायण 'किसान' नाम से टेक्सटाइल प्रतिष्ठानों का संचालन भी कर रहे हैं एवं इस क्षेत्र में बेहतर पहचान बना चुके है, जिन्होंने इस अवसर पर शिरकत करते हुए कार्यक्रम को गौरवान्वित किया।

इस कार्यक्रम में कई लोकप्रिय ब्राण्ड प्रदर्शित किए गए, जिनमें टेसुटी, अरविंद, मोंटी, लावाचे, सियाराम्स द्वारा कडिनी, मिलन एथनिक वियर, मितवा द्वारा ईएमईएफ, इटालियन चैनल टीआर, गिनी टीआर और आदित्य बिड़ला द्वारा ग्रासिम शामिल हैं। नए ग्रासिम लॉञ्च को रिटेलर्स से विशेष रूप से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

इस कार्यक्रम का आयोजन वस्त्र मण्डी की जानी मानी होलसेल एवं रिटेल फर्म पृथ्वी टेक्सटाइल्स एवं पायल साड़ी सेंटर के ऑनर एवं संचालकों में लूनिया परिवार में श्री प्रकाश, श्री अशोक, श्री सुभाष, श्री विनोद, श्री महेन्द्र, श्री किशोर, श्री गौरव, श्री सौरभ और श्री साहिल लूनिया सहित प्रतिष्ठित टीम द्वारा किया गया।






# व्यापारी कल्याण बोर्ड की बैठक वाणिज्य भवन में सफलतापूर्वक संपन्न







नई दिल्ली/ वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में व्यापारी कल्याण बोर्ड की महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता बोर्ड के चेयरमैन श्री सुनील सिंघी ने की। इस बैठक में 9 विभिन्न मंत्रालयों के ज्वॉइंट सेक्रेटरी भी मौजूद थे। इस बैठक में बजट 2025 के तहत व्यापारियों को मिलने वाले लाभों पर विस्तृत चर्चा हुई। श्री सुनील सिंघी ने बताया कि जल्द ही हर राज्य में व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया जाएगा, जिससे भारत के प्रत्येक जिले तक व्यापारियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा, इससे देश की आर्थिक प्रगति को और गति मिलेगी। बैठक में लगभग 20 राज्यों के बोर्ड सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखें।

### श्री पिरगल ने कर्नाटक के व्यापारियों के लिए उठाई अहम मांग

कर्नाटक से व्यापारी बोर्ड के सदस्य श्री प्रकाश पिरगल ने कहा कि इस बजट के बाद कई वर्षों में पहली बार व्यापारियों के चेहरे पर रौनक आई है। उन्होंने बताया कि टेक्स से बचा हुआ पैसा व्यापारियों के परिवारों के खर्च में आएगा, जिससे व्यापार और अर्थव्यवस्था में सुधार होगा और प्रधानमंत्री श्री मोदीजी का सपना 'सबका साथ, सबका विकास' सार्थक होगा।

### श्री पिरगल ने कर्नाटक में व्यापारियों को राहत देने के लिए निम्न मांगें रखीं

- ट्रेड लाइसेंस, लेबर लॉ और वेट एंड मेज़रमेंट कानूनों में सुधार।
- जीएसटी रिफंड की प्रक्रिया को तेज़ी से पूरा करने की व्यवस्था।
- व्यापारियों के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का शीघ्र क्रियान्वयन।

**व्यापारी सम्मेलन-** इस बैठक में यह भी घोषणा की गई कि 2 मार्च को बैंगलुरू में व्यापारी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री सुनील सिंघी मुख्य अतिथि होंगे। इस सम्मेलन में व्यापारियों की समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा होगी। यह बैठक व्यापारियों के लिए कई मायनों में महत्त्वपूर्ण रहीं, क्योंकि इसमें सरकार और व्यापारी समुदाय के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए ठोस निर्णय लिए गए।

# भारत मर्चेंट चेम्बर के प्रयासों की बदौलत यूनियन बजट हाइलाइट 2025 से बहुतायत कपड़ा व्यापारी लाभान्वित





**मुम्बई/ आर बी सिंह**

कपड़ा व्यापारीजनों के हितार्थ सदैव तटस्थ और प्रयत्नशील रहने वाला संस्था भारत मर्चेंट चेम्बर आदतन समय-समय पर कपड़ा व्यापारीजनों के हित के लिए कालबादेवी स्थित जुगीलाल सभागार में कुछ न कुछ आयोजन समय-समय पर करता रहता है। जिस कारण लगातार इस संस्था से जुड़ते रहने का कपड़ा व्यापारीजनों का कारवाँ बढ़ता ही जा रहा है। गौरतलब है कि एक तरफ पिछले माह चेम्बर्स ने जिस तरह जोर-शोर के साथ ऐन्युअल फंक्शन एक जनवरी को बहुत ही धूमधाम से मनाया, वहीं दूसरी तरफ दूसरे माह तीन फरवरी को उसी सभागार में मुम्बई के सबसे प्रख्यात और मशहूर चार्टर्ड एकाउंटेंट श्री विमल पूनमिया से बजट 2025 पर परिचर्चा कराकर अपनी ख्याति और विश्वसनीयता में काफी इजाफा बटोर लिया। इस कार्यक्रम में कालबादेवी और भिवंडी के अलावा अधिकांश क्षेत्रों के व्यापारीजन शामिल हुए।

बता दें कि पूनमिया जी जिनका कार्यालय मुम्बई के ही मरीन ड्राइव स्थित निरंजन बिल्डिंग में है। वे वर्षों से इस चेम्बर के उच्चाधिकारियों के साथ जुड़े है और गत वर्ष भी अपने बजट सम्भाषण सैंकड़ों व्यापारियों के टेक्स आदि से रिलेटेड मसलों के कन्फ्यूजन को दूर किया था और इस वर्ष भी वे 3 फरवरी को सभा में उपस्थित एक-एक व्यापारीबंधुओं की तरफ से आ रहे सवालों का जबाव देते रहे और इन्वेस्टमेंट आदि पर भी इस तरह के टिप्स सिखाये, जो संभवतः अधिकांश जनों के मन को भी भा गया। इस अवसर पर तकरीबन सैंकड़ों कारोबारीगणों के अलावा भारत मर्चेंट चेम्बर के सभी पदाधिकारीगण अध्यक्ष श्री नरेंद्र पोद्दार, उपाध्यक्ष श्री मनोज झालान, सम्माननीय सचिव मंत्री श्री अजय सिंघानिया, श्री नवीन बगड़िया, कोषाध्यक्ष श्री विष्णु केडिया, ट्रस्टी श्री राजीव सिंघल, श्री विजय लोहिया, श्री दीपक बुबना, श्री प्रदीप बुबना, श्री महेन्द्र सोनावत, श्री पवन मित्तल, श्री प्रदीप जैन आदि के साथ-साथ कपड़ा बाजार से तालुक रखने वाले अधिकांश नामचीन और मशहूर व्यापारीजन भी उपस्थित रहें, जिन सबको धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विष्णु केडिया जी की तरफ से अल्पाहार किया गया।

# वैवाहिक सीज़न से बढ़ी बाजार की रौनक

**उदयपुर/ नवीन कोठारी**

फरवरी माह में बहुत सी शादियों की तरीखें हैं। पिछले दिनों बसंत पंचमी पर भी अबूझ सावा-मुहूर्त की वजह से कई समाज में सामुहिक विवाह भी सम्पन्न कराये गये। लग्न-सावा मुहूर्त के कारण वस्त्र बाजार में अच्छी बिक्री हो रही है। वस्त्र प्रतिष्ठानों पर दिन भर ग्राहक खरीदी फरोख्त करते दिखाई दे रहे हैं। खासकर, साड़ी, लहंगे और लेडीज-जेंट्स सूट की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रहने लगी है। स्थानीय बाजार में इन दिनों प्रतिष्ठानों पर लेटेस्ट फैशन के परिधान धारण की गयी डमियाँ भी ग्राहकों को आकर्षित करने का काम कर रही है। वस्त्र बाजार में सभी वैरायटियों के वस्त्र उपलब्ध होने से अधिकांश ग्राहकों को एक-दो प्रतिष्ठानों से ही संतुष्टि हो जाने से ज्यादा भटकना नहीं पड़ रहा है। सर्दी कम होने से ऊनी वस्त्रों की बिक्री पर विराम लग चुका है। जानकारों की माने तो होली का डंडा रूपने के साथ ही विवाह लग्न पर भी रोक लग जाएगी। अतः वैवाहिक ग्राहकी पर भी इसका असर पड़ने वाला है।

# वैवाहिक सीजन में बाजार में जबरदस्त ग्राहकी

**रेवाड़ी/ जयप्रकाश शर्मा**

बाजार में इस समय ग्राहकी अच्छी चल रही है तथा बुकिंग भी मिलों से बराबर आ रही है। वेलकम क्लॉथ सेंटर, श्री लोढ़ा जी के यहाँ सूटिंग-शर्टिंग एवं कोट-पेंट की ग्राहकी अच्छी चल रही है। पँवार टेलर्स के यहाँ पेंट-शर्ट की सिलाई 800 रू. से लेकर 1000 रू. तक अच्छी मिलों का कपड़ा दिया जा रहा है। यहाँ पर सिलाई का काम जोर-शोर से चल रहा है। जैसे प्राइमरा, बी डी सूटिंग, जेलब्रो सूटिंग, सम्भोदी सूटिंग, सुपर साठन का कपड़ा ट्रेलर्स के यहाँ अच्छा बिक रहा है। मोहन जोशी, धन्या के यहाँ प्रिंट एवं जरी साड़ियां एक से बढ़कर एक डिमाण्ड से आ रही है और ग्राहकी अच्छी चल रही है। केशव दत्त, महेश चन्द्र के यहाँ ग्राहकी इस समय अच्छी चल रही है। सूटिंग-शर्टिंग में पाली, बालोतरा, सूरत, मुम्बई से बुकिंग भेज रहे हैं और कपड़ा दुकानों पर सप्लाई आ रहा है। लगभग सभी जगह ग्राहकी अच्छी देखने को मिल रही है। श्रीराम वस्त्र भण्डार के यहाँ रेडीमेड में ग्राहकी अच्छी चल रही है। जैसे कुर्ता-पायजामा, शेरखानी, साफा तथा मांगलिक कार्यक्रमों संबंधी कपड़ों की ग्राहकी अच्छी चल रही है। प्राइमरा का स्कूल यूनिफॉर्म की बुकिंग अच्छी आ रही है। आगे मार्केट यूनिफॉर्म का अच्छा रहेगा।

Follow us
textileworld.tw
Brand Promotion & Textile News

# MTMM'S द्वारा क्रिकेट प्रीमियर लीग -2 जबरदस्त उत्साह के साथ संपन्न

मुम्बई/ सबसे पुराने एवं विशाल मुम्बई टेक्सटाइल मर्चेंट महाजन एसोसिएशन द्वारा 22 फरवरी 2025 को भव्य क्रिकेट प्रीमियर लीग-2 का आयोजन उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित सभी टीमों द्वारा जबरदस्त आनंद लिया गया। इस दौरान टाइटल स्पॉन्सर टिनू मीनू (श्री सनवी शाह) को बनाया गया। क्रिकेट लीग में सिल्क इण्डिया, जेवील इम्पेक्स, कृष्णा क्रिएशन, टोओफीन ट्राईब, तुषार टेक्सटाइल्स, रूचिता टेक्सटाइल, एमजे फैब्रिक्स को टीम स्पॉन्सर बनाया गया। इस लीग में सभी पदाधिकारियों ने भाग लेकर सभी का उत्साहवर्द्धन किया।










# गारमेंट रिटेलरों की समर सीजन के नये उत्पादों में अच्छी बुकिंग

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

गारमेंट सेगमेंट और ब्राण्डेड फैंसी वैरायटी कपड़ों को छोड़ दे, तो बाजार का रूख ढ़ीला है। ढ़ीले रूख में भी गारमेंट का रिटेल कारोबार बड़ी तेजी से बढ़ा है। गारमेंट की खुदरा बिक्री अच्छी होने से रिटेलर्स अब समर सीजन के लिए नई वैरायटी का स्टॉक करने में जुट गए हैं। रेडीमेड सेगमेंट में कार्यरत नामचीन ब्राण्डों का ध्यान ग्राहकों को नये उत्पादों से रूबरू कराने के साथ वैल्यू फोर मनी पर भरोसा करते हुए कैजुअल एवं फॉर्मल वियर में स्टाइलिश गारमेंट को बाजार में उतारने पर ध्यान दे रही है। आगामी सीजन गरमी का होने से रिटेलरों की अधिक से अधिक बुकिंग इन्हीं उत्पादों में की गई है। रेडीमेड सेक्टर में फैशन बड़ी तेजी से बदलता है। इस क्षेत्र के ब्राण्डेड गारमेंट उत्पादकों को सीजन के अनुसार नये कलेक्शंस को बाजार में उतारना होता है। कैजुअल एपेरल ब्राण्ड में जींस, शर्ट और ट्राउजर्स की भरपूर रेंज आई है, जो बेहतरीन कॉटन यार्न तथा कॉटन ब्लैंडेड यार्न से बने स्टाइलिश शर्ट एवं ट्राउजर्स की विविध डिजाइंस एवं कलर्स में फॉर्मल और ऑफिस वियर वैरायटी के आने से इन उत्पादों की ओर ग्राहकों का आकर्षण देखा जा रहा है। आज देश की सभी ब्राण्डेड गारमेंट कम्पनियों का लक्ष्य है कि फैशन को पसंद करने वाले युवाओं के लिए ऐसे परिधान देना जो क्वालिटी तथा पहनने में बेहतर हो। गारमेंट में निर्यात पर कारोबार अब बढ़ेगा, ऐसा माना जा रहा है। अमेरिका ने कनाड़ा से आयात तैयार वस्त्रों पर 25 प्रतिशत शुल्क लाद दिया है। इसका असर ऊनी सूट, जैकेट और अन्य वस्त्रों पर हो सकता है। कारण ऐसे वस्त्रों के मामले में कनाड़ा का विशिष्ट स्थान है। यहाँ इटली प्रीमियम गारमेंट श्रेणियों में अपनी पैठ मजबूत कर सकता है तो वहीं वियतनाम, चीन एवं बांग्लादेश की प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। शेषांश पृष्ठ 10 पर...















# इचलकरंजी के उद्यमियों का दिल्ली में डंका

## भारत टेक्स कपड़ा प्रदर्शनी में 25 उद्यमी शामिल



नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स कपड़ा प्रदर्शनी में इचलकरंजी पैवेलियन में पीएम श्री नरेंद्र मोदी के साथ मान्यवरों ने भेंट देकर स्थानीय उद्यमियों से बातचीत की।

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

नई दिल्ली स्थित भारत मण्डपम में 14 से 17 फरवरी, 2025 तक आयोजित भारत टेक्स एक्स्पो 2025 भारत टेक्स कपड़ा प्रदर्शनी में इचलकरंजी शहर और परिसर के 25 उद्यमी शामिल हुए। इन उद्यमियों के लिए इचलकरंजी पैवेलियन के नाम से अलग-सा स्टॉल लगाया गया था। चार दिन तक चले इस प्रदर्शनी में इचलकरंजी के उद्यमियों के उत्पाद को अच्छी मांग मिली, जिससे इचलकरंजी का नाम भारत टेक्स स्तर पर पहुँचा। विकेंद्रीय क्षेत्र के वस्त्रोद्योग में इचलकरंजी का नाम देश के साथ अब विदेश में भी पहुँचा है। इचलकरंजी की पहले से मैनचेस्टर के तौर पर पहचान है और शहर परिसर में अब सीधे पावरलूम से ऑटोलूम पर अलग-अलग क्वालिटी का कपड़ा उत्पादन किया जाता है। शहर परिसर में उत्पाद होने वाले कपड़े की देश-विदेश में मांग थी। इचलकरंजी में उत्पाद कपड़ा अच्छी क्वालिटी का होने की बात पहले से सभी बाजार में पहुँची हुई है, जबकि शहर परिसर के चुनिंदा कपड़ा उत्पाद अपने माल को विदेश में भेजते थे। इस बीच नई दिल्ली के भारत मण्डपम में 14 से 17 फरवरी को आयोजित भारत टेक्स दर्जे की कपड़ा प्रदर्शनी आयोजित की थी। शहर का कपड़ा ज्यादा से ज्यादा निर्यात होने के उद्देश्य से शटल लेस लूम एसोसिएशन के संयोजन से मेटास्किल और पीडीएक्सएल के माध्यम से इचलकरंजी के 25 उद्यमी इसमें शामिल हुए। जिसमें शहर के 17 उद्यमी पहली बार शामिल हुए है। चार दिन तक चली इस प्रदर्शनी में भारत के अलावा श्रीलंका, इंडोनेशिया, नेपाल, अमेरिका, अफ्रीका, बैंकॉक आदि देशों के कपड़ा व्यापारी, उद्यमियों ने भाग लिया। इचलकरंजी के 25 उद्यमियों के लिए अलग-सा इचलकरंजी पैवेलियन के नाम से स्टॉल लगाए गए।

**शामिल हुए उद्यमी-** इचलकरंजी शहर और परिसर के करवीर टेक्सटाइल, डीकेटीई, भगवती टेक्सटाइल, धनलक्ष्मी टेक्सटाइल एण्ड क्रिएशन, करणी टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज, एलएलपी, मुंदडा एण्ड मुंदडा, जीआरजीएच टेक्सटाइल, अरविंद डाइंग एण्ड ब्लिचिंग मिल्स प्रा. लि., इचलकरंजी शटललेस फैब्रिक मैन्यूफेक्चरर्स एसोसिएशन,हरमनी प्रा. लि., अरिहंत सिकोटेक्स, प्रेमचंद पन्नाचंद, विष्णु कॉटसीन, ज्युबिली डाइंग एण्ड प्रिंटिंग मिल, श्री राधाकृष्ण एक्सपोर्ट, महालक्ष्मी टेक्स क्लोथिंग, सारा फैब्रिक्स, वोवेन टेक्स इंडिया, वैरिएंट टेक्सटाइल, तोतला टेक्सटाइल, बलदेव टेक्सटाइल और बांगड ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज। इस बीच प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ केंद्रीय वस्त्रोद्योग मंत्री गिरिराज सिंह, महाराष्ट्र के वस्त्रोद्योग मंत्री श्री संजय सावकारे, सांसद धैर्यशील माने, श्री धनंजय महाडिक के साथ कई मान्यवरों ने भेट दी।

**अच्छा प्रतिसाद-** चार दिन चली इस प्रदर्शनी में इचलकरंजी परिसर कपड़ा उद्यमियों ने लगाए स्टॉल पर बड़ी संख्या में व्यापारी, उद्यमियों ने भेट देकर उत्पाद देखे, इससे इचलकरंजी के वस्त्रोद्योग को अच्छा मौका मिला ऐसी प्रतिक्रिया इचलकरंजी के उद्यमियों ने व्यक्त की।

# सीसीआई की दखलंदाजी से रूई में अब अधिक गिरावट नहीं

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

कपास में भारी मंदी के कारण आवक घट गई है। हाजिर बाजार में रूई की खरीद कम होने और आवक घटने से गुजरात संकर रूई का भाव प्रति खंडी 53000 रू. के आसपास है। आंशिक सुधार के बाद रूई की कीमतों में निरंतर दबाव बना हुआ है। घटते बाजार में अनुमान लगाना कठिन है कि आगे की स्थिति क्या होगी। कपास उत्पादक राज्यों में 50 प्रतिशत से अधिक उपज बाजार में आ चुकी है। किसानों को मूल्य मिलना मुश्किल हो गया है। सीसीआई ने बाजार में दखल नहीं दिया होता और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कपास की खरीदी करने में देरी की होती तो देश में उत्पादन कम होने के अनुमान के बीच जिस तरह से रूई का बाजार घटा है, वह और नीचे चला जाता। व्यापारिक सूत्रों का कहना है कि कुल आवक का करीब 80 प्रतिशत की खरीदी सीसीआई के द्वारा की गई है।

कॉर्पोरेशन ने अब तक देशभर में 8 6 लाख गांठ की खरीदी की है। सीसीआई ने इस सीजन में जितनी खरीदी की है, वह पिछले सीजन में की गई खरीदी की तुलना में बहुत अधिक है। सीसीआई की खरीदी अभी जारी है जो 15 मार्च तक रहने की संभावना है। वैश्विक बाजारों में रूई का भाव देश की तुलना में कम होने से मिलें रूई का भरपूर आयात भी कर रही है। इस सीजन में 25 लाख गांठ रूई का आयात किए जाने का अनुमान है। महाराष्ट्र में पिछले सप्ताह तक सीसीआई ने 38.5 लाख गांठ की खरीदी की है। हाजिर बाजार में रूई में कोई करेंट नहीं है। स्पिनिंग मिलों और निर्यातकों की मांग मौजूदा दौर में अपेक्षा से अधिक कमजोर है। स्पिनिंग मिलों के पास जरूरतभर के लिए रूई का स्टॉक बताया जा रहा है। वैश्विक बाजारों में भी रूई पर भारी दबाव होने के कारण मिलों को रूई की खरीदी करने में कोई जल्दबाजी नहीं है। कॉटन यार्न में उठाव अच्छा नहीं होने से मिलें यार्न का उत्पादन समझकर कर रही है, परंतु सीसीआई की पहल से रूई का भाव अधिक कम होने की संभावना नहीं है। मौजूदा भाव से कुछ बढ़कर 54000 रू. की रेंज तक जा सकता है। कमजोर मांग के बीच किसान अपनी अधिक से अधिक उपज सीसीआई को बेचना चाहते है। सीसीआई फरवरी या मार्च से रूई बेचना शुरू कर सकता है। विश्व के प्रमुख कपास उत्पादक राष्ट्रों भारत, अमेरिका और पाकिस्तान में कम उत्पादन अनुमान फिर भी रूई में तेजी नहीं है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्राजील की आक्रामक बिक्री मुहिम के कारण रूई की आपूर्ति बढ़ी है। देश में रूई की उत्पादकता बढ़ाने के लिए मिशन फोर कॉटन की घोषणा की गई है। इसका लाभ लाखों किसानों को होगा, जो कपास की खेती करते हैं। देश में कपास उत्पादन और लॉन्ग स्टेपल रूई की किस्मों को बढ़ावा देने के लिए कपास किसानों हेतु पाँच वर्षीय मिशन की गई घोषणा से परिवर्तन होने की आशा है।

# टेसीटुरा मोंटी इंडिया ने भारत टेक्स-2025 में किया एक्सीलेंट डिस्प्ले






## राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बायर्स ने की शिरकत

**नई दिल्ली/** पूरी दुनिया के समक्ष भारत में निर्मित टेक्सटाइल वैल्यू चेन को प्रजेंट करने के लिए भारत सरकार के सहयोग से भारत मण्डपम, नई दिल्ली में भारत टेक्स 2025 ग्लोबल एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। इस वैश्विक प्रदर्शनी में विश्व प्रसिद्ध टेक्सटाइल कम्पनी 'टेसीटुरा मोंटी इण्डिया' की ओर से एक्सीलेंट डिस्प्ले किया गया। इस अवसर पर **'टेसीटुरा मोंटी इण्डिया'** ने अपने काउंटर पर फाइनेस्ट प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक्स में नये कलेक्शन प्रस्तुत किए। AW-25 एवं SS-26 सीजन के लिए कम्पनी की ओर से नये टेक्सचर एवं पेटर्न में बेहतरीन शर्टिंग फैब्रिक्स पेश किया गया। भारत टेक्स प्रदर्शनी में **'टेसीटुरा मोंटी इण्डिया'** के काउंटर पर भारत के वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने विजिट किया तथा मोंटी के चेयरमैन श्री जोधराज एवं उनकी टीम को लाजवाब प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इस प्रदर्शनी के दौरान कम्पनी के चेयरमैन श्री जोधराज के साथ एमडी श्री आकाश जैन, सुश्री ईशा जैन एवं मार्केटिंग डायरेक्टर श्री नवीन रांका सहित मार्केटिंग ऑफिसर्स की पूरी टीम उपस्थित थी। श्री आकाश जैन के अनुसार चार दिवसीय भारत टेक्स प्रदर्शनी में टेसीटुरा मोंटी के काउंटर पर बड़ी संख्या में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बायर्स ने शिरकत की तथा कम्पनी द्वारा प्रदर्शित लग्जरी शर्टिंग फैब्रिक्स की सराहना की।











## हाई फैब्रिक ने पेश किए नये सुपीरियर कलेक्शन



भारत टेक्स प्रदर्शनी में हाई फैब्रिक इंक. बैंगलुरू ने शानदार डिस्प्ले किया। प्रीमियम कॉटन शर्टिंग फैब्रिक्स में सुपीरियर कलेक्शन की आकर्षक प्रस्तुति विजिटर्स के लिए नया अनुभव रहा। इस अवसर पर प्रीमियम फैब्रिक ब्राण्ड Venerdi-Italy के अंतर्गत फाइनेस्ट शर्टिंग फैब्रिक्स प्रस्तुत किए गए। आगामी सीजन के लिए हाई फैब्रिक ने ढेरो नये डवलपमेंट भारत टेक्स प्रदर्शनी में प्रजेंट किये, जो पूरी प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र रहें।
















asharfi®
FABRICS
A Royal Product for Royal Class

Manufacturer of unique combos in Industry

PEOPLES CHOICE
HELD AT VARIOUS CONFERENCES 2023-2024

SCAN FOR CATALOGUE



Combos / Safaris / Suit Lengths / Ethnics

Currently Working With Some Leading Wholesalers & Distributers Across India

**Asharfi Fabrics Pvt. Ltd.**

**For Trade Enquiry**: - Call -**87088-98361, 92540-41864**

Website: www.asharfi.in | E-mail:customercare@asharfi.in | Panipat, Haryana ( 132103) Follow Us on :- YouTube

## सम्पादकीय....

# भय मुक्त हो परीक्षाएं...

इन दिनों देश भर में विभिन्न बोर्डों की 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षाएं हो रही हैं। इनमें करोड़ों विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। गत दिनों प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों को परीक्षा के भय से मुक्त करने के लिए 'परीक्षा पर चर्चा' जैसे अपने जनभागीदारी कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसके जरिए उन्होंने देश भर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को साथ जोड़कर परीक्षा को तनावमुक्त बनाने का प्रयास किया। 'परीक्षा पर चर्चा' विद्यार्थियों को 'परीक्षा योद्धा' के रूप में निर्मित करने की प्रक्रिया का भाग है। इसका उद्देश्य देश में यह भाव पैदा करना है कि छात्र परीक्षा को एक उत्सव के रूप में मनाना प्रारंभ करे। देखा जाए तो भारतीय परीक्षा प्रणाली परीक्षाओं में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने के दबाव के कारण रटकर याद करने पर अत्यधिक बल देती है। यह एक नकारात्मक प्रथा है, जिससे जिज्ञासा, आलोचनात्मक सोच और विश्लेषण की हमारी प्राचीन भारतीय परंपरा काफी हद तक प्रभावित हुई है।

हालांकि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति हमारे विश्वास को पुनः जाग्रत कर इन प्रतिगामी समस्याओं को हल करने का प्रयास कर रही है, जो मुख्यतः आलोचनात्मक सोच और सीखने-जानने एवं मूल्यांकन के समग्र दृष्टिकोण पर आधारित है। इसका समग्र उद्देश्य सर्वांगीण और संतुलित व्यक्ति त्व का निर्माण करना तथा युवाओं में सोचने की प्रवृत्ति एवं कौशल सीखने को प्रेरित करना है। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि 'एंग्जायटी' शब्द वर्ष 2021 का ऑक्सफोर्ड चिल्ड्रन वर्ड ऑफ द ईयर घोषित हुआ था। अंतरराष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन कार्यक्रम (पीसा) ने वर्ष 2015 में 'एंग्जायटी' का एक नया सामान्य सूचकांक प्रस्तुत किया। इस सूचकांक में छात्रों के स्कूल के कार्यों और परीक्षाओं पर उनकी प्रतिक्रियाओं की गणना की जाती है। यह सामान्य बात है कि परीक्षा के समय केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) हेल्पलाइन पर फोन कॉल की बाढ़ आ जाती है। एनसीईआरटी के वर्ष 2022 के एक सर्वेक्षण में लगभग 81 प्रतिशत छात्रों ने पढ़ाई, परीक्षा और नतीजों को 'एंग्जायटी' का कारण बताया था।

यूनेस्को की 2024 की रिपोर्ट में बताया गया है कि लगभग 62 प्रतिशत डिजिटल कंटेंट क्रिएटर की जानकारी साझा करने से पहले उसकी गहन और व्यवस्थित ढंग से जाँच नहीं करते। इसे ध्यान में रखते हुए भ्रम की स्थिति में न पड़कर परीक्षा के दौरान छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा प्रामाणिक स्रोतों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अभिभावक को भी चिंता बढ़ाने के बजाय शांति का स्रोत बनना चाहिए, जबकि सरकार और शिक्षा प्रणाली को मांग एवं आपूर्ति सहज बनाने पर काम करना चाहिए। हमें रटंत पद्धति से हटकर कौशल-आधारित शिक्षा की ओर बढ़ने के लिए आवश्यक उपाय करने चाहिए।

पाठ्यक्रम को तैयार करने और मूल्यांकन का काम इस तरह किया जाए कि छात्रों में विकासशील मानसिकता को बढ़ावा मिले और वे बौद्धिक बहुलवाद की ओर अग्रसर हों। हमें छात्रों के कल्याण को उच्चतम प्राथमिकता देनी चाहिए, न कि परीक्षा को। आगे बढ़ने की चाह छात्रों को प्रदर्शन-संबंधी व्याकुलता दूर करने में सहायता कर सकती है। साथ ही, शैक्षिक तंत्र को विद्यार्थियों की क्षमता और बुद्धिमत्ता के लचीलेपन में विश्वास करना चाहिए। सभी छात्रों को हेलेन कीलर के इस वक्त व्य को मंत्र के रूप में याद रखना चाहिए कि 'आपकी सफलता और प्रसन्नता आपके भीतर है।' छात्र यह समझें कि परीक्षा जीवन में एक मील का पत्थर हो सकती है, लेकिन यह अंतिम गंतव्य नहीं है।

## कुछ नया, कुछ अलग •

# ढलती उम्र के साथ खुश रहना है तो इन बातों का रखें ध्यान



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

**नमस्ते मित्रों,**

जब हम छोटे होते हैं तब हमारे में चंचलता ज्यादा होती है और हम निश्चिंत होते हैं, लेकिन जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, वैसे-वैसे हमारी चंचलता कम होती जाती है और चिंताएँ बढ़ने लगती हैं। जबकि बुढ़ापे में चंचलता बिल्कुल खत्म हो जाती है और चिंता के बादल सर पर मंडराने लगते हैं। ऐसा क्यों होता है? क्या हम जीवन के इस आखिरी पड़ाव में चिंतामुक्त जीवन नहीं जी सकते? आज मैं एक ऐसे विषय पर बात करना चाहता हूँ, जो विशेष रूप से बुजुर्ग व्यक्तियों से जुड़ा हुआ है। कुछ ऐसी बातें साझा करना चाहता हूँ जो 55 या 60 की उम्र को पार कर चुके व्यक्तियों के लिए उपयोगी हो सकती हैं।

**सही तरीके से करें बचत का उपयोग-** पसीना बहाकर जीवन में जितनी भी जमापूंजी एकत्रित की है, उसे अपने-आप पर खर्च करें। जीवनभर की बचत बैंक में रखने के बजाए, उसमें से कुछ पैसों का उपयोग अपने लिए करें। बहुत से लोग जीवन के इस मोड़ पर बच्चों और पोते-पोतियों के भविष्य के लिए ज्यादा चिंतित रहते हैं। आपने उन्हें हर प्रकार की जरूरी सुविधाएं देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी है। अब उनका काम है कि वे अपनी मेहनत से कमाए हुए पैसों से अपना जीवन जीएं। इस उम्र में निवेश करना भी कोई अक्लमंदी की बात नहीं है, क्योंकि आपकी निवेश की हुई धनराशि का उपयोग आप जीते-जी नहीं कर पाएंगे।

**रखें सेहत का ध्यान-** इस उम्र में बीमार होना काफी आम बात है। ऐसे में अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। 50 से 55 वर्ष की उम्र के बाद डायबिटीज, थायराइड एवं हार्ट से जुड़ी बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा बढ़ती उम्र में पाचन शक्ति भी कमजोर होने लगती है। ऐसे में जंक फूड का सेवन जितना हो सके उसे टालना चाहिए। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे इंसान की नींद भी कम होने लगती है। इसलिए पर्याप्त नींद लें एवं अपने-आप को तंदुरुस्त रखने के लिए जरूरी पौष्टिक आहार लें और नियमित रूप से अपना हेल्थ चेक-अप करवाएं।

**छोटी-छोटी बातों का तनाव न लें-** आपने जीवन में बहुत कुछ हासिल किया है। आपने जीवनभर कई सारी समस्याओं का सामना तनावपूर्ण परिस्थितियों में किया है, लेकिन अब टेंशन-फ्री जिंदगी जीने का वक्त आ चुका है। आप छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज करना सीखें तथा तनाव से दूर रहने के लिए व्यायाम और ध्यान का सहारा लें, इससे ध्यान आपके मन को शांत करने में मदद करता है और तनाव दूर होता है।

**इस उम्र में रखें खुद को हमेशा सक्रिय-** अपने आपको सक्रिय रखने के लिए नियमित रूप से अखबार पढ़े और खुद को दैनिक समाचारों से हमेशा अपडेटेड रखें। सोशल मीडिया का उपयोग करें, इससे आप अपने दोस्तों से जुड़े रह सकते हैं और नई जानकारी एवं विचारों का आदान-प्रदान भी कर सकते हैं। कुछ नया सीखने में दिलचस्पी लें जैसे- कोई वाद्य यंत्र सीखें या कोई कौशल सीखें।

**युवा पीढ़ी के विचारों का सम्मान करें-** आने वाली पीढ़ी भारत का भविष्य है और हो सकता है कि उनके एवं आपके विचारों में मेल न खाता हो, लेकिन वे आपसे कई ज्यादा स्मार्ट हैं। युवा पीढ़ी को नई टेक्नोलॉजी का उपयोग करना बखूबी आता हैं। उनकी सोच और दृष्टिकोण से आपको सीखना चाहिए, क्योंकि वे नए तरीकों से समस्याओं का समाधान ढूँढने में माहिर हैं। उनकी आलोचना करने से बेहतर है कि आप उन्हें अपने अनुभव से मार्गदर्शन दें और उनकी स्वतंत्र सोच का सम्मान करें।

**ज्यादा शिकायतें मत करें-** जीवन के इस उम्र में लोगों का चिढ़चिढ़ा हो जाना स्वाभाविक है, क्योंकि उम्र के साथ शारीरिक और मानसिक स्थिति में बदलाव आते हैं। हालांकि, अगर आप हर बात पर शिकायतें करते रहेंगे तो जीवन के असली मजे नहीं ले पाएंगे और हमेशा चिढ़चिढ़ा महसूस करते रहेंगे। अतः आप छोटी-छोटी बातों के लिए घृणा मत करें। सभी लोगों को अपने हिसाब से जिंदगी जीने का अधिकार है। इसलिए, अन्य लोगों के जीवन में दखलंदाजी करने से बेहतर है कि आप अपना शेष जीवन मस्ती से जीएं। आपकी सेहत हमेशा तंदुरुस्त रहें। इसी मंगलकामना के साथ एक सुविचार के माध्यम से मैं आज की बात को विराम देना चाहूँगा।

**नीचे गिरे सूखे पत्तों पर अदब से चलना जरा,**
**कभी कड़ी धूप में तुमने इनसे ही पनाह माँगी थी।**

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# ऑटोमोबाइल सेक्टर और परिवहन में टेक्निकल टेक्सटाइल का उपयोग और भविष्य



श्री सुनील भटनागर
प्रोफेसर एवं टेक्सटाइल कन्सलटेन्ट

हम टेक्सटाइल को पहनने या सजावटी रूप में प्रयोग से ज्यादातर जानते हैं। मगर, जब से लोग टेक्निकल टेक्सटाइल को जानने लगे हैं, तब से इसकी उपयोगिता का पता मेडिकल, जियो टेक्सटाइल, एरो स्पेस, कृषि, डिफेंस, स्पोर्ट्स इत्यादि में लगने लगा। हमारे में कोई बिरला व्यक्ति होगा, जिसने बचपन में खिलौनों में या जवानी में विडियो गेम कार के खेल नहीं खेलेंगे। हाल ही, जयपुर-अजमेर हाइवे पर भीषण सड़क दुर्घटना में आग से बहुमूल्य जीवन के खोने से सबको झंझोरा था। अखबार में दुर्घटना के चित्रों ने सबको विचलित कर दिया था। इसमें कुछ बातें आपके मन में आई होगी, मगर एक टेक्सटाइल इंजीनियर की दृष्टि से मैंने देखने का प्रयास किया जिसमें निम्न सवाल खड़े हुए।

- क्या गाड़ी या बस में सफर के समय कपड़े फायर प्रूफ होने चाहिए
- क्या यात्री वाहनों के अन्दर कपड़ों के प्रयोग में R&D जरूरी है
- घरेलू वाहन, यातायात के साधनों, डिफेंस, स्कूल बसों में कपड़े के चयन और टेक्सटाइल की गुणवत्ता के स्टेण्डर्ड को दुबारा बनाना जरूरी है

**उपर्युक्त बातों से आप सहमत होंगे-** आज हम इस लेख द्वारा टेक्सटाइल का प्रयोग अपने वाहनों में भी खोजने का प्रयास करेंगे। आज हम क्यों, कब, कैसे, कौन और किस प्रकार जैसे सवालों का जवाब देने का प्रयास करेंगे। इसके लिए आपको पूरा लेख आखिर तक पढ़ना होगा।

- भारत में एक्सीडेंट्स कुल मृत्यु दर का 50 प्रतिशत यूपी, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, कर्नाटक और राजस्थान आता है। कुल मृत्यु दर में 32 प्रतिशत लोगों की उम्र 16 से 19 वर्ष और 19 प्रतिशत लोग 20 से 24 साल के है। वर्ष 2023 के आंकड़ों के अनुसार भारत में हर दिन लगभग 474 लोगों की वाहन दुर्घटना में मृत्यु हुई।

सीट बेल्ट और एयरबैग के इस्तेमाल से दुर्घटना में मृत्यु दर कम होती है। भारत अपने एयरबैग इंफ्लेटर्स के लिए चीन, जर्मनी और थाईलैंड पर निर्भर है। कार के वजन में लगभग 25 से 30 किग्रा वजन टेक्सटाइल का होता है। वर्ष 2009 में सुजुकी की A-Star पहली स्वदेशी एयरबेग के साथ थी। वैसे भारत में वर्ष 1995 में विदेशी मर्सिडीज बेंज, एयरबैग के साथ थी। एयरबैग का वैश्विक बाजार वर्ष 2023 में 14.08 एमबीएन यूनिट्स था, जो वर्ष 2030 तक 27.63 एमबीएन यूनिट्स तक पहुँचने की संभावना है।

**वाहन में टेक्सटाइल का प्रयोग-** वाहन में कपड़े का प्रयोग आंतरिक कम्फर्ट और बाहरी वातावरण से सुरक्षा के लिए किया जाता है। इसमें इंजन कंपार्टमेंट में फिल्टर, लाइनिंग, बंपर, टायर, कारपेट, होजेस, सीट कवर, सेफ्टी बेल्ट और एयरबैग मुख्य आते हैं। विदेशों में तो ड्राईवर के बिना चलने वाली गाड़ी एयर टेक्सी उपयोग में आने लगी है। टाटा संस के भूतपूर्व चेयरमैन सायरस मिस्त्री की वर्ष 2022 में सड़क दुर्घटना में मृत्यु ने सड़क सुरक्षा, कार सुरक्षा और उन पर बने कानून पर सवालिया निशान खड़े कर दिए। कई मशहूर लोग जिनमे ब्रिटेन की डायना कुछ ऐसे लोग जिनकी कार दुघर्टना में मृत्यु से विश्व को स्तब्ध कर दिया था। पहली कार दुर्घटना वर्ष 1891 में गैसोलीन से चलने वाली कार बनाने वाले जॉन विलियम लैंबर्ट की कार का हुआ था।

**वाहन खरीदते समय ध्यान देने योग्य मुख्य बातें-** इंजन पावर, सीटिंग कैपेसिटी, बूट स्पेस, ईंधन जैसे पेट्रोल, डीजल, बैटरी, सीएनजी और माइलेज सड़क से ऊँचाई, सेफ्टी जैसे एयरबैग, सीट बेल्ट, चोर के अलार्म, कम्फर्ट सीट कवर, अन्दर की स्पेस, दरवाजे, लॉक और ऑटो खुलना, अंधेरे में लाइट इत्यादि का जलना, इंजन की आवाज से बचाव, ट्यूबलेस टायर्स , हवा की बजाय गैस इत्यादि डेली प्रयोग के लिए, स्टाइल, कलर इत्यादि का ध्यान रखना आवश्यक है।

कपड़े खरीदते हुए जो गलती हम करते है, क्या हम वहीं गलती वाहन में तो नहीं करते? हमने स्कूल में पढ़ा है- 'रोकथाम इलाज से बेहतर है।' कानून, दंड, वाहन के फीचर्स तब तक बेकार है, जब तक हम जागरूक नहीं है और वाहन गलत समय, गलत आदमी के हाथों में है। आज भारत में कार की मार्केट, सड़के, हाइवे पहले से बहुत बेहतर है, मगर आंकड़ों को देखें तो मरने वाले ज्यादातर युवा ओवर स्पीडिंग से होते हैं। जिस प्रकार कपड़े खरीदते हुए फैशन, ब्राण्ड , स्टाइल, सामाजिक रूतबा इत्यादि सुरक्षा पर हावी होता है, वहीं कार में सुरक्षा फीचर्स के होते हुए उनका प्रयोग न करना देखा गया है।

### आज की स्थिति को देखते हुए सुझाव

- ऑटोमोबाइल सेक्टर में अभी भी टेक्सटाइल और पार्ट्स में हम चीन, जर्मनी और थाईलैंड पर निर्भर है।
- आज भी हमारा टेक्सटाइल उद्योग बांग्लादेश, श्रीलंका, चीन एवं अमेरिकी बाजार के अनुसार अपने बाजार में उतार-चढ़ाव देखता है।
- वाहन लाइसेंस देने की व्यवस्था पर ध्यान देना होगा।
- सरकार के अलावा आम नागरिकों को भी ध्यान देने की जरूरत है।
- कर्मचारियों की मेडिकल सुविधा और उनके वाहनों के निर्धारित मेंटीनेंस पर ध्यान देना होगा।
- स्कूल से ही बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करना।
- कानून बनाने के अलावा पालन करवाने वालों पर निगरानी और ट्रेनिंग पर ध्यान।
- वाहन चलते हुए सड़क पर दूसरे वाहन से निश्चित दूरी बनाए रखें।
- सड़क के चौराहों पर सीसीटीवी और पुलिस की सही व्यवस्था होना।
- स्कूलों और यात्री वाहनों की समय-समय पर जाँच जरूरी है।

11. ड्राइवर्स के मेडिकल जाँच कार्य करने के समय पर नजर।
12. टेक्सटाइल रिसर्च लैबोरेट्रीज को टेक्निकल टेक्सटाइल सुविधाओं में सुधार।
13. टेक्सटाइल कॉलेज के सिलेबस में टेक्निकल टेक्सटाइल टॉपिक्स, लैब्स और फैक्लटी की ट्रेनिंग पर खर्च का ध्यान।
14. ऐसे भ्रामक प्रचार मटीरियल को तुरंत बंद करना होगा, जिसमें स्टंट इत्यादि युवाओं को भ्रमित करें।
15. कार बेचने से पहले कम्पनियों को पार्किंग स्पेस के बारे में जानकारी जरूरी हो।
16. वाहनों के अन्दर प्रयोग कपड़ों की गुणवत्ता के अलावा सफर करने वालों के कपड़ों पर ध्यान देना होगा। आज कैजुअल, पार्टी, ऑफिशियल, स्कूल ड्रेस, स्पोर्ट्स के अलावा यात्रा में प्रयोग होने वाले वस्त्रों पर जागरूकता पर काम करना होगा। भारतीय कार बाजार में आजकल मारुति सुजुकी, हुंडई की क्रेटा, टाटा सफारी, मारुति सुजुकी एक्सएल 16 कुछ ऐसे नाम है, जिहोंने भारतीय परिवारों में जगह बनाई है। टेक्नोलॉजी वहीं सही है, जिसमें बाहरी निर्भरता न हो। भारत की भौगोलिक परिस्थितियां, यूरोपियन परिस्थितियों से भिन्न है, इसलिए यहाँ की परिस्थितियों अनुसार ही भारत को आर्थिक जगत में शीर्ष स्थान दिलाने में हर व्यक्ति को अपना सहयोग देना होगा।

# YARN Rate
## यार्न रेट्स 20 फरवरी, 2025

### C.T.M.
PH. 247511, 247512, 9829045130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 221 |
| 2/18 Dyed | 186 |
| 2/40 Dyed | 261 |
| 2/30 Frosted | 221 |
| 2/30 Dyed Slub | 221 |
| 2/30 School Dress Clourer | 221 |

### R.T.M PH. 24766, 9829046404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | ---- |
| 2/40 Dyed | ---- |
| 2/30 Frosted | ---- |

### SRM Spinners Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 155 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 165 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 160 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 178 |
| 1/15 Poly Black | 105 |
| 20 PV Black | 143 |
| 15 PV Black | 136 |
| 2/30 PV 65/35 Black | 187 |

### PANIPAT YARN- 9416031498

| TEXTURISE | |
|---|---|
| 150 Roto Grey. | 109-156 |
| 150 Roto Black. | 113-159 |
| 150 Roto Bright. | 128-149 |
| 150/250 grey. | 117-159 |
| 150/250 dyed | 130-176 |
| 150 FDY. | 132 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | 133 |
| 2/40 POLY | 179 |
| 2/15 Poly Grey | 123 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 116 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 cone OE | 66-116 |
| 6 cone. OE | 68-168 |
| 10 cone OE | 97-121 |
| 2/4 cone OE | 98-168 |
| 2/6. OE | 104-181 |
| 2/8 OE | 105-184 |
| 2/10 OE. | 115-232 |
| 2/20 OE. | 228-309 |
| 2/30 RF. | 306-430 |
| 2/40 RF | 306-414 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 202 |
| 15 CONE | 206 |
| 20 CONE | 214 |
| 2/15 CONE | 216 |
| 2/40 CONE | 268 |

### Raghav Group (94141-11402)
Email: sheetal@raghavindia.com

| TRIDENT LIMITED | |
|---|---|
| COUNT | RATE |
| 1/10 OE | 166 |
| 1/14 OE | 164 |
| 1/16 OE | 167 |
| 1/20 OE | 196 |
| 30 KW | 269 |
| 30CWC | 276 |
| 2/40 CW ELLY | 264 |
| 40 CW COMPACT | 322 |
| 50 CW COMPACT | 392 |
| **ANKUR UDYOG LIMITED** | |
| 1/30 POLY 100% | 159 |
| 1/20 POLY 100% | 149 |
| 1/15 POLY 100% | 144 |
| **SIDDHARTHA SUPER SPG MILLS** | |
| 2/15 P/V DYED OLIVE GREEN | 196 |
| 2/18 P/V BLACK | 170 |
| 2/30 P/V BLACK | 235 |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | 165 |
| 7 OE | 167 |
| 10 OE | 178 |
| 10 LYCRA | 259 |
| 10 SLUB LYCRA | 280 |

### VISAKA IND. LTD.
PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/20 Poly Grey@ | 158 |
| 2/24 Poly Grey@ | 164 |
| 2/30 Poly Grey@ | 169 |
| 2/40 Poly Grey@ | 196 |
| 2/60 Poly Grey@ | 257 |
| 2/76 Poly Grey@ | 315 |
| 2/30 PV Black @ | 218 |
| 2/40 PV Black @ | 258 |
| 2/30 PV HD Dyed @ | 245 |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.
PH. 99358-27000

| Ankur | |
|---|---|
| 1/20 pv | 158 |
| 1/15 pv | NA |
| 2/30 pv | NA |
| 1/30 pv | 168 |
| **Jaanvi** | |
| 1/15 psy | 127 |
| **Triveni** | |
| 2/40 pv | 218 |
| 2/30 pv | 186 |
| 1/20 pv | 158 |
| 1/15 pv | 153 |

### NEETA YARNS
Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022

| Fancy Yarn Per Kg | |
|---|---|
| 30/62 Alpine | 218 |
| 2/60 PVT | 216 |
| 2/60 Polyster | 240 |
| 2/76 Polyster | 285 |
| 2/60 P.C. (65/35) | 280 |
| 150/48/400 Bright | 132 |
| 75/36/1450 Bright Rate | 155 |
| 65/36/600 Bright Rate | 218 |
| 100/36/1450 | 149 |

### MODTEX TEXTURISERS
PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 198+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | ---- |
| 300 HIM Cone Dyed | ---- |

Cd : 3rs/kg

### GRASIM INDUSTRIES LTD.
PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | ---- |
| 2/40 Dyed | ---- |
| 2/50 Dyed | ---- |

### PAWAN ENTERPISES 9414111656

| Triveni Spinning | |
|---|---|
| 1/15 Pv. 70/30 Z Black@ | 162 |
| 2/30 pv 70/30 Z Black@ | 194 |
| 2/40 Pv70/30 Z Black@ | 228 |
| **Vergine Quality** | |
| 1/15 Pv 70/30 Grey @ | 153 |
| 1/20 Pv 70/30 Grey@ | 156 |
| 2/15 Pv 70/30 Grey@ | 163 |
| 2/18 Pv 70/30 Grey @ | 168 |
| 2/30 Pv70/30 Grey@ | 186 |
| 1/15 Polyester Grey@ | 132 |
| 2/20 Polyester Grey @ | 150 |
| 2/30 70/30 Melange@ | 198 |
| 2/30 100% Viscose@ | ..... |
| 2/40 100% viscose@ | 253 |

### RATAN BARJATIYA SPINNERS
Bhavit Jain: 9928913144

| PV Yarn | |
|---|---|
| 2/60 PV | 260 |
| 2/40 PV | 205 |
| 2/30 PV | 182 |
| 2/24 PV | 176 |
| 2/20 PV | 170 |
| 2/18 PV | 164 |
| 2/15 PV | 162 |
| **Recycled PV Yarn 70:30** | |
| 2/40 PV | 190 |
| 2/30 PV | 170 |
| **Polyester Yarn** | |
| 2/60 Poly | 240 |
| 2/40 Poly | 185 |
| 2/30 Poly | 162 |
| 2/24 Poly | 156 |
| 2/20 Poly | 148 |
| 2/15 Poly | 142 |
| **Recycled Polyester yarn** | |
| 2/40 recycled | 165 |
| 2/30 recycled | 140 |
| 2/20 recycled | 130 |
| 2/15 recycled | 125 |
| 1/15 recycled | 115 |
| **PC Yarn Combed (65:35)** | |
| 2/40 PC | 255 |
| 2/30 PC | 230 |
| **Black Yarn** | |
| 2/30 poly black | 145 |
| 2/30 pv black | 186 |
| 2/47 Poly Magic | 176 |
| 2/47 PV magic | 196 |

# ज्वाइंट कमिश्नर जीएसटी से वार्ता

**मुज़फ्फरनगर / अजय कुमार सिंघल...** उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल मुजफ्फरनगर के व्यापारी प्रतिनिधियों ने जीएसटी ज्वाइंट कमिश्नर श्री सिद्धेश दीक्षित से वार्ता कर नीचले अधिकारियों द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न करने पर नाराजगी जताई। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अशोक कंसल व नगर अध्यक्ष श्री अजय कुमार सिंघल ने कहा कि छोटा व मंझोला व्यापारी बड़ी कठिनाई से अपना काम चला पा रहा है। वार्ता में श्री अशोक कंसल वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री अजय कुमार सिंघल नगर अध्यक्ष, श्री श्याम सिंह सैनी जिला महामंत्री, श्री प्रवीण खेड़ा नगर महामंत्री, श्री सुलखान सिंह नामधारी संरक्षक एवं श्री पंकज शर्मा आदि शामिल रहे।



# व्यापारिक प्रतिष्ठानों में पुनः हलचल शुरू

**बालोतरा/ लालचन्द पुनीत ...** औद्योगिक क्षेत्र में एक बार पुनः व्यावसायिक हलचल का सूत्रपात हुआ है। दमदार ग्राहकी का जोश भले ना हो, तथापि सभी उत्पादों में चालानी का क्रम अवश्य परिलक्षित होने लगा है। पोपलीन, पौकेटिंग, रूबिया, साड़ीफ ॅाल, अंडर स्कर्ट (पेटीकोट), नाइटी क्लॉथ, अस्तर आदि की चालानी ने एक बार फिर से सुनहरे भविष्य के आभास को स्थापित किया है। रेयॉन प्रिंट और प्लेन जिसका बम्पर उत्पादन होता था, उसकी अब पूछ-परछ भी नहीं रही। इसमें सन्देह नहीं कि मंदी के स्वर को अभी भी बल मिल रहा है। उत्पादक सोच समझकर माल उतना ही खरीद रहे हैं, जिसकी उन्हे शख्त जरूरत है। देश में अन्य आइटमों में मन्दी से यह आशंका प्रबल हो रही है कि वस्त्र रंगाई-छपाई उद्योग के उत्पादों पर भी इसका व्यापक असर पड़ेगा। शेयर बाजार के दबने से व्यापारियों की स्थिति असमंजस की बन गई हैं। इस बार सभी वर्ग के उद्यमियों, उत्पादकों व व्यापारियों ने शेयर बाजार मे लाभार्जन का पूरा दाँव लगाया। मगर, अब हालात ऐसे बने है कि इतना नुकसान सहकर फँसा पैसा सहज में उठाने की हिम्मत नहीं कर सकते हैं। इस प्रकार रकम की तंगी का खामियाजा उठाने की मजबूरी है। विशिष्ट प्रतिष्ठानों के पास पर्याप्त ऑफर है। मगर, जल प्रदूषण नियंत्रक व निवारक संयुक्त प्रदूषित कारखानों से पानी शोधन हेतु क्षमता का 60 प्रतिशत ही स्वीकारने से उत्पादन की गति मंथर बनी रहती है। कुशल श्रमिकों के साथ अकुशल श्रमिकों की कमी का असर ज्यों-त्यों आज भी विद्यमान है।

# ऐतिहासिक महाकुंभ मेले के कारण कपड़ा कारोबार मंद

**सतना/ बलराम शुक्ला**

मकर संक्रांति से महाकुंभ का आगाज हुआ और प्रशासन ने बहुत तगड़ा इंतजाम किया। शास्त्र जानकारों के अनुसार 144 साल बाद ऐसा संयोग पड़ने का गणित बताया, जिसका असर यह हुआ की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। ऐसी कोई भी ट्रेन नहीं है जिसमें यात्रियों की संख्या कम हो तथा जिन यात्रियों के रिजर्वेशन है चाहे एसी हो या नोन एसी यात्रियों से ठसाठस है। सतना, कटनी, जबलपुर, रीवा स्टेशनों में तिल रखने तक की जगह नहीं है। यहाँ तक की नेशनल हाइवे में गाड़ियों की लम्बी-लम्बी कतारों से जाम लग रहे हैं। प्रशासन के हाथ पांव फूल गये है और पंद्रह से बीस किलोमीटर तक जाम लगे हैं। यह क्रम आगे भी शिवरात्रि तक चलता रहेगा। इस महाकुंभ से कपड़ा कारोबार मंद है, क्योंकि किसी भी ट्रेन में रिजर्वेशन नहीं मिल रहा है तथा टेक्सी वाले मनमर्जी से किराया ले रहे हैं। अभी लग्न-सावा मुहूर्त चल रहा है, लेकिन व्यापार इतना अच्छा नहीं है। स्थानीय मण्डियों के व्यापारी सपरिवार त्रिवेणी संगम स्नान के लिए जा रहे हैं। थोक वस्त्र व्यापारी खरीदी तो कर रहे हैं, लेकिन कामकाज कमजोर है

## गारमेंट रिटेलरों की समर सीजन....

पृष्ठ 7 का शेषांश

उद्योग सूत्रों का कहना है कि इस बदलते व्यापार समीकरण में भारत को अमेरिका एवं यूरोप के बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बनाने के लिए उन सभी पहलुओं पर विशेष जोर देने की जरूरत है, जिससे निर्यात बढ़े। देश से सूती कपड़ों के साथ अच्छी गुणवत्ता के गारमेंट का निर्यात बढ़ाने के लिए उत्पादों की गुणवत्ता और उत्पादन खर्च के बीच संतुलन बनाकर प्रमुख प्रतिस्पर्धी के बतौर उभरने का मौका है। बांग्लादेश एवं चीन की प्रतिस्पर्धा से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय मार्केट्स में उत्पादों को मूल्य प्रतिस्पर्धी बनाना होगा। भारत टेक्स 2025 वैश्विक स्तर पर भारत की उभरती छवि प्रस्तुत करने का एक मंच है।

# राजमल रानीदान (आर आर 2)





**जैसलमेर**

स्थानीय वस्त्र मण्डी में वर्ष 1992 से होलसेल एवं रिटेल व्यवसाय में अग्रणी फर्म 'राजमल रानीदान' एक जाना पहचाना नाम है। फर्म के डायरेक्टर श्री राजमल गोयल ने बताया कि फर्म सूटिंग-शर्टिंग के सभी ब्राण्डेड कम्पनियों का कार्य कर रही है। श्री गोयल के सुपुत्र श्री संजय गोयल ने बताया कि हमारी फर्म 'राजमल रानीदान' सभी तरह की सूटिंग-शर्टिंग जिसमें मुम्बई, भीलवाड़ा की ब्राण्डेड फैब्रिक की बिक्री वृहद स्तर पर कर पूरे जैसलमेर जिले में आपूर्ति कर रहे हैं। इसके अलावा 'राजमल रानीदान' फर्म की सिस्टर कन्सर्न तरूण सिंथेटिक्स भी है, जिसमें ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग का कार्य हो रहा है।

## आगामी सीजन में अच्छा...

पृष्ठ 1 का शेषांश

उतना ही शुल्क अमेरिका भी उस देश से हो रहे निर्यात पर लगाएगा, जबकि कनाड़ा, मैक्सिको और चीन से होते आयात पर अमेरिका की सरकार ने सबसे पहले शुल्क वृद्धि की घोषणा की है। मौजूदा वैवाहिक सीजन की ग्राहकी और समर एवं स्कूल यूनिफॉर्म की सीजन से कारोबारियों को जून तक कपड़ों में अच्छे कारोबार की उम्मीद है। यद्यपि देसावरी बाजारों में हल्की ठंड पड़ने के कारण गरमी के कपड़ों की मांग में तेजी नहीं है, परंतु शादियों के लिए मिलों के फैंसी कलेक्शंस में कारोबार बढ़ा है। डेनिम, पीवी और पीसी वैरायटी की मांग है। सूटिंग-शर्टिंग की अच्छी खपत मिलों की वैरायटी में है। सफारी एवं कॉम्बों पैक में ग्राहकी जैसी होनी चाहिए, वैसी नहीं है। साड़ियों में पोस्टर कलेक्शंस की नई डिजाइंस की मांग जोर पकड़ रही है। ड्रेस मटीरियल में कॉटन प्रिंट के नये स्टॉक बाजार में तेजी से आ रहे हैं। इस बार वैवाहिक सीजन लंबी अवधि का होने से हाल एथनिक वियर और फॉर्मल वियर शर्टिंग की मांग अच्छी है, जबकि कैजुअल वियर में कारोबार थोड़ा कम है। रमजान की ग्राहकी थोक कपड़ा बाजार में पूरी हो चुकी हैं, परंतु रमजान के लिए खुदरा बाजार में प्रिंटेड फैब्रिक्स एवं चटकदार कपड़ों की मांग निकलनी शुरू हो गई है। चीन से नीटेड कपड़ों के आयात को रोकने के लिए बजट में स्पेशफिक आयात शुल्क एवं एडबोलरम शुल्क दोनों में से जो अधिक हो लगाया गया है। ऐसी रिपोर्ट है कि चीन से सैंकड़ों कंटेनर भारत के बंदरगाहों पर खड़े हैं, अब देखना है कि यह माल जब बाजार में आएगा तब बाजार की क्या स्थिति होगी।

जनवरी से जून तक का समय स्कूल यूनिफॉर्म कपड़ों के लिए अत्यंत ही महत्त्वपूर्ण माना जाता है, तथापि अभी तक स्कूल यूनिफॉर्म में कारोबार की गति बहुत धीमी है। कहा जा रहा है कि स्कूल यूनिफॉर्म कपड़ों की उत्पादन लागत बढ़ी है, लेकिन हाजिर में भाव बढ़ाने के बारे में मीडियम स्तर के उत्पादकों को गंभीरता से सोचना पड़ रहा है। जो खिलाड़ी इस क्षेत्र में पूरी तरह से अपनी जड़े जमा चुके हैं, उनके फैब्रिक्स की क्वालिटी कसौटी पर खरी उतर चुकी है एवं ऐसे फैब्रिक्स उत्पादक माल बेचने में सफल है। भिवंडी में पावरलूम इकाइयों में ग्रे सूती कपड़ों का उत्पादन 45 से 50 प्रतिशत की क्षमता पर हो रहा है। कपड़ों की मांग धीमी है। अपेक्षित उठाव नहीं होने से सूती ग्रे कपड़ों का भाव प्रति मीटर 50 से 75 पैसे तक घटे हैं। सूती कैम्ब्रिक एवं मलमल की वैरायटी में भी भाव कुछ कम हुए है। सिंथेटिक ग्रे कपड़ों के भाव जो बीच की अवधि में दो से तीन रू मीटर तक बढ़े थे, अब एक से दो रू तक कम हो गए है। इरोड़ में उत्पादन 40 से 50 प्रतिशत की क्षमता पर है, परंतु यार्न और कपड़ों में भाव ऊँचे स्तर पर है।

पृष्ठ 26 का शेषांश

# कॉटन यार्न की मांग घटने से तेजी पर लगा ब्रेक

लेकिन अब दूसरे देशों के इस बाजार में प्रवेश कर जाने के कारण परिस्थितियां बदल रही है। भारत में रूई का बाजार भाव हाल 53000 से 53500 रू प्रति खंडी है और निकट भविष्य में यदि किसी तरह का सुधार होता भी है तो भाव बढ़कर प्रति खंडी 54000 रू तक पहुँच सकते हैं। इसलिए जानकारों का कहना है कि यदि वीविंग गतिविधियां जोरदार रहती है तो कॉटन यार्न की मांग बढ़ेगी, लेकिन यार्न की उत्पादन लागत में वृद्धि अधिक होने की संभावना नहीं होने से कॉटन यार्न की आपूर्ति हाजिर बाजार में सहज रहने की उम्मीद की जा रही है।

DARSHAN

Valji®

INDIA'S UNIFORM EXPERTS

# दर्शन वालजी अब नये रूप में

## नया क्रिएटिव लोगो (ट्रेड मार्क) भारत टेक्स 2025 में लॉन्च








मुम्बई / यूनिफॉर्म सेक्टर के प्रसिद्ध ब्राण्ड दर्शन वालजी नित नये इनोवेशन के लिए जाना जाता है। जब यूनिफॉर्म की बात आती है तो दर्शन वालजी का नाम सबसे पहले लिया जाता है। कम्पनी के पास हमेशा रेडी टू स्टॉक फैब्रिक, डिजाइंस हर समय उपलब्ध रहती है। कम्पनी यूनिफॉर्म में हर सेक्टर के लिए वर्षभर यूनिफॉर्म तैयार करती है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री किशोर कोठारी ने बताया कि कम्पनी द्वारा हाल ही में अपने पुराने लोगो (ट्रेड मार्क)को बदलकर नये लोगो (ट्रेड मार्क) को नये रूप में भारत टेक्स 2025, दिल्ली में दिखाया गया, जिसको सभी व्यापारियों द्वारा भरपूर समर्थन मिला। सभी व्यापारी इस लोगो को देखकर काफी खुश नजर आए।





### भारत टेक्स में शानदार डिस्प्ले

इस दौरान श्री कोठारी ने बताया कि कम्पनी की सम्पूर्ण मैनेजमेंट टीम द्वारा काफी मेहनत करते हुए भारत टेक्स 2025 में भाग लिया एवं यहाँ अपने फैब्रिक का शानदार डिस्प्ले किया गया, जिससे होटल, हॉस्पिटल, स्कूल, कॉर्पोरेट में फैंसी सूटिंग-शर्टिंग, लाइनिंग, प्लेन की सैकड़ों कलर रेंज उपलब्ध है। ट्वील, प्लेन, वीव में भी यह सभी प्रॉडक्ट उपलब्ध है। कम्पनी द्वारा रेडीमेड रेंज का भी भव्य डिस्प्ले किया गया, जो बाहर से आए सभी व्यापारियों को खूब पसंद आया।









100 % Premium Cotton & Linen Fabrics

HI FABRIQUE INC.®

HI-FABRIQUE H-F BANGALORE®

Corporate Oce :
77, Jodh Towers, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027, INDIA. Tel. No : +91 80 40500200
Email : info@hifabrique.com

Mumbai Oce :
30/32, Champa Galli Cross Lane, 1st Floor, No.5, O Kalbadevi Rd,Mumbai - 400002, INDIA.
+91 22 22426585 Email : infomumbai@hifabrique.com

www.hifabrique.com

Venerdi® ITALY



KEDY

SPECIALIST IN:
Manufacturer of: Formal Pant, Trousers
Gurkha Pant, Cargo, Chinos, Joggar
Shorts, Job & FOB, Basis

KREZZY
INTERNATIONAL PVT. LTD.

Office: E-182-182A, Riico Industrial Area,
3rd Phase, Pur Road, Bhilwara - 311001
Mob.: 99298 55056, 97823 88774,
Email: krezzyinternationalbhl@gmail.com

World No. 1
Inter Lock Machine







ALL TYPE OF INDUSTRIAL | SEWING SALE
SERVICE & ALL TYPE SPARE PARTS AVAILABLE

JBN INTERNATIONAL

49, Balaji Vihar, Near Chambal Plant, 200 Feet Road, Bhilwara, Mob: 9352013352



zaccari
ITALY
WOOLLEN SUITING

By
Fashion Flair

Our portfolio of brands

SHIVANI CLOTHING MUMBAI | Fashion Flair | zaccari ITALY LUXURY SUITINGS | donzito PREMIUM SHIRTINGS | RAJASYA THE ETHNIC COLLECTION

J-3, 1st Floor, Shree Arihant Compound, Reti Bunder Road, Kalher, Bhiwandi-421302 (MH.)
Contact for trade enquiry: 8805340131, E-mail: shivaniclothing@gmail.com













## कॉटन यार्न की मांग घटने से तेजी पर लगा ब्रेक

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय...** कॉटन यार्न सहित सिंथेटिक यार्न में वीविंग गतिविधियां कमजोर होने के बावजूद यार्न के भाव टाइट थे। अचानक, बाजार का सेंटीमेंट बदला और यार्न के भाव नीचे की ओर खिसक गए, यद्यपि बहुत अधिक गिरावट नहीं आई है। बाजार में यार्न की सप्लाई पहले की तरह है। मुम्बई की तुलना में साउथ की ओर कॉटन यार्न और सूती कपड़ों के भाव अभी भी बढ़े हुए हैं, इसलिए यार्न कारोबारियों का कहना है कि आगे यार्न कारोबार अच्छा चलने की पूरी संभावना है, इससे फाइबर के भाव में भी सुधार होगा। चूंकि रूई के भाव पर दबाव निरंतर बना हुआ है। भारत में रूई, कॉटन यार्न और सूती कपड़ा वैश्विक बाजार में कम कीमतों पर उपलब्ध होते रहे हैं। इस कारण निर्यात भी ठीक था

शेषांश पृष्ठ 10 पर...










स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए डी.बी. कॉर्प लि., 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, (भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड़, जयपुर) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक-योगेन्द्र शर्मा।

22 फरवरी से 6 मार्च, 2025
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड Corporate

# कपड़े की वेस्ट के वैकल्पिक उपयोग के लिए ऋषभ वर्ल्ड की नई पहल








मुंबई/ हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स एक्सपो 2025 में **'ऋषभ वर्ल्ड'** द्वारा प्रदर्शित सभी ब्रांड्स को अच्छा रिस्पोंस मिला है। इनोवेशन में महारत **'ऋषभ वर्ल्ड'** ग्रुप व्यावसायिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण से कुछ नया करने में सदैव अग्रणी रहा है। ग्रीन प्लेनेट, ग्रामीण उत्थान और इनोवेटिव कला के लिए प्रतिबद्ध **'ऋषभ वर्ल्ड'** ने अपने इनोवेशन को विस्तार देते हुए इस एक्जीबिशन के दौरान प्रसिद्ध शिक्षक एवं सोशल वर्कर और कलाकार इकबाल खान के साथ मिलकर कपड़े की वेस्ट से बना अद्भुत कलेक्शन प्रदर्शित किया है। ज्ञातव्य है कि डीएनजे फाउंडेशन सामाजिक उत्थान के लिए निरन्तर नये-नये प्रयास करता रहता है। साथ ही डीएनजे ग्रुप द्वारा प्रकाशित 'भूल न जाना' संग्रह भारतीय विरासत को जीवंत रखने का बेहतरीन प्रयास है।

**कंपनी के बिजनेस हेड श्री राजेश सिंह** ने बताया कि कपड़े की वेस्ट से बनाया गया यह कलेक्शन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ-साथ पं. जवाहर लाल नेहरू से लेकर भारत के वर्तमान में यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ ही, अब तक भारत की सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले 11 प्रधानमंत्रियों को समर्पित है।

इन सभी कलेक्शन को **'ऋषभ वर्ल्ड'** इस वर्ष के वार्षिक कैलेंडर के रूप में व्यापारिक वर्ग के डेस्क पर सुशोभित करने पर प्रसन्नता की अनुभूति करता है, ताकि इस कैलेंडर में सम्मिलित सभी लीडर्स की राष्ट्र एवं समाज के उत्थान हेतु दिए गए योगदान को हमेशा जीवंत रखा जा सके।



कार्यक्रम में बाएं से दाएं ऋषभ वर्ल्ड के श्री रमेश जी जैन (संस्थापक एवं मार्गदर्शक), श्री राजेश सिंह (बिजनेस हेड) एवं श्री अजय गुप्ता जी, ज्वाइंट सेक्रेटरी (टेक्सटाइल मिनिस्ट्री)।




# HON'BLE UNION MINISTER OF TEXTILES SHRI GIRIRAJ SINGH VISITS COLORJET AT GTE EXPO





Noida/ ColorJet India Ltd., a leading manufacturer of digital textile printing solutions, had the privilege of hosting Shri Giriraj Singh, Hon'ble Union Minister of Textiles; Shri Pabitra Margherita, Hon'ble Union Minister of State for External Affairs and Textiles; and Smt. Neelam Shami Rao, Secretary, Ministry of Textiles, Government of India, at its booth during the prestigious GTE Expo collocated with Bharat Tex at Noida Expo Mart.

The esteemed dignitaries explored ColorJet's advancements in cutting-edge textile printing technology, engaging in insightful discussions with the company's leadership. The visit underscored ColorJet's unwavering commitment to the Make in India initiative, highlighting its pioneering efforts in developing advanced, sustainable textile printing solutions that align with the Government's vision of Atmanirbhar Bharat.

During his interaction with Mr. Madhu Sudan Dadu, Chairman, ColorJet India Ltd., Shri Giriraj Singh expressed keen interest in the spreading the technology, acknowledging its transformative potential in shaping the future of textile printing.

A ceremonial lamp lighting marked the auspicious commencement of ColorJet's participation in the expo, symbolizing innovation, progress, and sustainability.

Speaking on the occasion, Mr. Madhu Sudan Dadu stated:

"We are deeply honored to welcome the Hon'ble Ministers and Secretary to our booth. Their visit reaffirms the vital role of technological innovation in redefining the future of textile manufacturing in India. At ColorJet, we are steadfast in our commitment to delivering next-generation digital printing solutions that empower the industry while championing environmental sustainability."

The ColorJet booth at GTE Expo showcased its revolutionary VastraJet K2 48, a state-of-the-art fast production digital textile printer enabled with 48 heads, capable of producing 13,000 sqm/day of production. Industry leaders and visitors witnessed firsthand how ColorJet is spearheading a new era of high-speed, textile printing solutions.

With an unwavering focus on propelling the Indian textile industry toward global competitiveness, ColorJet continues to lead the way in pioneering innovations that drive self-reliance and long-term growth in the sector.

# लिनन ग्राजिया प्रीमियम यूरोपियन लिनन फैब्रिक ब्रांड









**अहमदाबाद/ जिंदल वर्ल्डवाइड लिमिटेड़ द्वारा प्रस्तुत लिनन ग्राजिया एक प्रीमियम यूरोपियन लिनन फैब्रिक ब्राण्ड है। यह ब्राण्ड अहमदाबाद स्थित एक प्रतिष्ठित कपड़ा निर्माता द्वारा लॉञ्च किया गया है।**

**ब्राण्ड उद्घाटन समारोह...** इसका उद्घाटन जिंदल ग्रुप के CEO श्री आमिर अख्तर और मार्केटिंग अध्यक्ष श्री अविनाश पटेल द्वारा लेमन ट्री प्रीमियर, अहमदाबाद में किया गया। इसके अलावा दीप ज्योति समारोह प्रमुख बिक्री एजेंटों द्वारा आयोजित किया गया, जिनमें श्री संजय पाठक, श्री पवन राव, श्री तरूण दीक्षित, श्री यशवंत ओव्हल, श्री अमरीश परमार, श्री अरविंद पटेल आदि शामिल थे।

### CEO का संबोधन

CEO श्री आमिर अख्तर ने ग्राहकों को संबोधित करते हुए बताया कि कम्पनी की विरासत, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और एकीकृत सप्लाई चेन कैसे बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए सस्टेनेबल और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करती है।

### मार्केटिंग अध्यक्ष का वक्तव्य

श्री अविनाश पटेल ने बताया कि कम्पनी हमेशा एक्सक्लूसिव फैब्रिक कलेक्शन प्रदान करने पर ध्यान देती है और इसे अपने इन-हाउस डिजाइन स्टूडियो और उत्पादन सुविधा के माध्यम से बाजार में अग्रणी बनाती है। इस आगामी सीजन के लिए कम्पनी ने कुर्ता, जैकेट और प्लेसमेंट प्रिंट्स का विशेष कलेक्शन लॉञ्च किया, जिसे ग्राहकों ने खूब सराहा।

### रिटेल हेड का वक्तव्य

रिटेल हेड श्री रवि पांडे ने कहा कि यह ब्राण्ड विशेष और अनूठी उत्पाद श्रृंखला प्रदान करता है, जिसमें ट्रेंडी डिजिटल प्रिंट्स, व्हाइट NOS क्वालिटी में लॉन्ग-लास्टिंग सफेदी, क्लासिक फॉर्मल शर्टिंग, वाइब्रेंट सॉलिड कलर्स शामिल है।




## ग्राहकों की प्रतिक्रियाएँ

**गाढ़ा भंडार, लखनऊ** - 'यह फैब्रिक बहुत शानदार है। इसका मटीरियल बहुत ही मुलायम और आरामदायक है। यह लग्जरी और हाई-एण्ड लगता है फिर भी किफायती है। मेरी व्यावसायिक आवश्कताओं के लिए परफेक्ट है।'

**नेशनल टेक्सटाइल्स, बठिंडा** - मैंने इस फैब्रिक का महीनों तक उपयोग किया है और यह अभी-भी नया जैसा दिखता है। न कोई रंग फीका पड़ा और न ही कोई धागा निकला। कई बार धोने के बाद भी यह शानदार बना हुआ है।'

**नंदा कलेक्शन, पुणे** -'इस फैब्रिक के रंग बेहद शानदार है और धोने के बाद भी फीके नहीं पड़ते। हमने इससे शर्ट बनाई, जिसने मेरी रिटेल दुकान की रौनक बढ़ा दी!'

**गर्ग्या टेक्सटाइल एजेंसी, बरेली** -'इस फैब्रिक की बुनाई मजबूत और घनी है, जिससे यह शर्टिंग के लिए परफेक्ट है। कोई ढीले धागे या टूट-फूट नहीं सिर्फ प्रीमियम गुणवत्ता।'

**गुरूकृपा टेक्सटाइल्स, इंदौर** - 'यह फैब्रिक हल्का-फुल्का होने के बावजूद बेहतरीन कवरेज देता है। यह सांस लेने योग्य(Breathable) है और गर्मियों के कपड़ों के लिए एकदम सही है। हमारे ग्राहक इसे बेहद पसंद करते हैं।'

**सिटी पॉइंट, वेरावल** -'सिलाई के शौकीनों के लिए यह फैब्रिक सपने जैसा है। यह आसानी से कटता है, सिलाई को अच्छे से पकड़ता है और जल्दी उधड़ता नहीं। शर्टिंग के लिए परफेक्ट।'

**बी. अरिवंद कुमार एण्ड कम्पनी, मुंबई** -'मैं एक सस्टेनेबल फैब्रिक विकल्प ढूँढ रहा था और यह मेरी उम्मीदों से भी बेहतर निकला। यह ऑर्गेनिक, इको-फ्रेंडली और बेहद टिकाऊ है। पर्यावरण को ध्यान में रखने वालों के लिए बेहतरीन विकल्प है।'

**श्रीराम वस्त्र भंडार, अहमदाबाद** -'मुझें फैब्रिक के वजन और बनावट को लेकर कुछ सवाल थे और स्टाफ ने बहुत सहायक रवैया अपनाया। उन्होंने विस्तृत जानकारी दी और नमूना भेजा। शानदार सेवा ।'

**जानकी रियाल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, सेंधवा** -'हमने इस फैब्रिक का उपयोग शर्टिंग के लिए किया और WOW–यह बिल्कुल नया जैसा दिखता है। इसकी बनावट समृद्ध है और यह बेहद टिकाऊ लगता है।'

**नरवाना टेक्सटाइल्स, अंबाला** - 'इस कीमत में यह फैब्रिक एक शानदार डील है। इसकी गुणवत्ता अन्य फैब्रिक के समान हैं लेकिन लागत काफी कम है। हम निश्चित रूप से फिर से ऑर्डर देंगे।'

**निष्कर्ष- लिनन ग्राजिया अपने प्रीमियम लिनन फैब्रिक की वजह से बाजार में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इसकी सस्टेनेबिलटी, उच्च गुणवत्ता और किफायती मूल्य इसे व्यापारियों और ग्राहकों के लिए एक उत्तम विकल्प बनाते हैं।**

**उपस्थित गणमान्य व्यक्ति...** कम्पनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी श्री विक्रांत कुमार, श्री गोपाल शर्मा, श्री अंकुर बरनवाल, श्री कृष्ण शुक्ला, श्री कमल खंडेलवाल, श्री विजय पाल, श्री दिव्येश पटेल भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे और ग्राहकों से संवाद कर फैब्रिक की विशेषताओं को प्रस्तुत किया, जिसे ग्राहकों ने बेहद पसंद किया।































## क्वालिटी, प्राइस एवं न्यू डवलपमेंट में हमेशा उन्नति की ओर अग्रसर -श्री शैलेंद्र पाण्डेय

# नित नये इनोवेशन के साथ आगे बढ़ता बांसवाड़ा सिंटेक्स



-श्री शैलेंद्र पाण्डेय

**मुम्बई/बांसवाड़ा/ भारतीय टेक्सटाइल उद्योग में बांसवाड़ा सिंटेक्स किसी परिचय का मोहताज नहीं है। कम्पनी ने कभी भी अपने उत्पादों के साथ समझौता नहीं किया। बांसवाड़ा सिंटेक्स फाइबर से लेकर फैशन तक सभी उत्पादों में इनोवेशन करता है। आज ग्राहक की जरूरत को ध्यान में रखकर उत्पादों को बनाना और उसे भारतीय वस्त्र बाजार सहित ग्लोबल मार्केट तक पहुँचाना बांसवाड़ा सिंटेक्स का मुख्य उद्देश्य है। इसी कड़ी में टेक्सटाइल वर्ल्ड के सीनियर मार्केटिंग मैनेजर श्री ललित शर्मा द्वारा बांसवाड़ा सिंटेक्स के बिजनेस हेड श्री शैलेंद्र पाण्डेय से विस्तृत चर्चा के मुख्य अंश प्रस्तुत है।**

**Q. बांसवाड़ा सिंटेक्स का परिचय?**

**श्री शैलेंद्र पाण्डेय-** बांसवाड़ा सिंटेक्स की स्थापना वर्ष 1976 में स्व. श्री आर. एल. तोषनीवाल द्वारा की गई, जिन्होंने कम्पनी को निरंतर आगे बढ़ाते हुए नयी सोच एवं इनोवेशन पर कार्य किया। कम्पनी ने आज भारतीय टेक्सटाइल बाजार सहित संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, स्पेन, जर्मनी, जापान, फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात और तुर्की सहित 50 से अधिक देशों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। बांसवाड़ा सिंटेक्स टेक्सटाइल उद्योग में यार्न, फैब्रिक्स और रेडीमेड गारमेंट सहित कस्टमाइज्ड फैब्रिक की एक विस्तृत वस्त्र शृंखला प्रदान करता है। कम्पनी थर्मल पावर प्लांट में भी अपनी हिस्सेदारी रखती है। सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त 3 स्टार एक्सपोर्ट हाउस के रूप में BIS द्वारा ISO 9001:2008 और IS/ISO 14001:2004 प्रमाण-पत्र प्राप्त है। कम्पनी भारतीय रेलवे को अग्निरोधी जैकॉर्ड फैब्रिक की आपूर्ति करती है जो आग के सम्पर्क में आने पर आग की लपटों को फेलने से रोककर यात्रियों की सुरक्षा को बढ़ाती है। कम्पनी राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों को ध्यान में रखते हुए भारतीय सेना के लिए बुलेट प्रूफ जैकेट के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले मजबूत ग्लास फाइबर फैब्रिक की आपूर्ति भी करती है। इसके अलावा भारत और विदेशों में ऑटोमोटीव उद्योग कम्पनी के उच्च गुणवत्ता वाले तकनीकी कपड़ों से लाभान्वित होते है।

**Q. भारतीय टेक्सटाइल उद्योग में काफी प्रतिस्पर्धा है, इसे आप किस नजरिए से देखते है?**

**श्री शैलेंद्र पाण्डेय-** जहाँ तक मेरी सोच है भारतीय टेक्सटाइल उद्योग काफी चुनौतियों भरा है, लेकिन अगर प्राइस, इनोवेशन एवं क्वालिटी पर फोकस करे तो हम किसी से भी पीछे नहीं है। बांसवाड़ा सिंटेक्स पोलीवूल, प्रीमियम पीवी और स्ट्रेच फैब्रिक बनाता है जो चाइना के उत्पादों से काफी अच्छा है। अगर हम प्रॉडक्ट डवलपमेंट पर ध्यान देते है तो चाइना और ताइवान को भी पीछे छोड़ सकते हैं। इसी बात पर ज़ोर देते हुए नई-नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से हर सीजन के लिये नित नये इनोवेशन कर प्रीमियम रेंज को भारतीय वस्त्र बाजार सहित विदेशो में देकर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहे है।

**Q. आने वाले साल के लिए बांसवाड़ा सिंटेक्स की क्या योजनाएं हैं?**

**श्री शैलेंद्र पाण्डेय-** बांसवाड़ा सिंटेक्स अभी 3 मिलियन मीटर कपड़ा बेचता है जिसमें से 2 मिलियन प्रीमियम प्रॉडक्ट जिसमें 4वें स्ट्रेच, बाई स्ट्रेच, वूल ब्लैंड्स फैब्रिक होते है। हम आने वाले साल में पूरा 3 मिलियन स्पेशियली प्रीमियम प्रॉडक्ट में अच्छी क्वालिटी का कपड़ा बनाने की योजना पर कार्य कर रहें, जिसमें 4वें स्ट्रेच, बाई स्ट्रेच, कॉटन ब्लैंड, वीव स्ट्रेच, वूल ब्लैंड्स सम्मिलित है। इसके अलावा हम सायरो टेक्नोलॉजी के साथ हाई टेक यार्न से निर्मित फैब्रिक की योजना पर भी कार्य कर रहे हैं। जिसकी बाजार में बहुत डिमाण्ड है। हमारे द्वारा इस टेक्नोलॉजी के माध्यम से शत-प्रतिशत पॉलिएस्टर सायरो प्रॉडक्ट तैयार होगा, जिसके लिए अभी हम चाइना एवं ताइवान पर आश्रित है। जब यह प्रॉडक्ट बाजार में आएगा तो निःसन्देह यह हमारा स्टार प्रॉडक्ट होगा।

**Q. अन्य ब्राण्ड की तुलना में बांसवाड़ा सिंटेक्स क्या नया कर रहा है?**

**श्री शैलेंद्र पाण्डेय-** ब्राण्ड की बात की जाए तो बांसवाड़ा सिंटेक्स वर्षों से एक बेस्ट सप्लायर रहा है। पिछले वर्ष हमने इटालियन ब्राण्ड सिमोने फेडरीको एण्ड फिली को लॉञ्च कर भारतीय वस्त्र उद्योग में प्रमोट किया। जिसके सभी प्रॉडक्ट काफी लाजवाब है और अन्तरराष्ट्रीय स्तर के है। इसके प्राइस की बात की जाए तो यह 1000 से 2500 रूपए तक का फैब्रिक है, जो भारतीय वस्त्र बाजार में अफोर्डेबल है। हमारे इस ब्राण्ड को भारतीय वस्त्र बाजार में काफी ग्रोथ मिली है और हम इसे नित नयी ऊँचाइयों पर ले जाने हेतु हमेशा प्रतिबद्ध हैं। इसके अलावा इस वर्ष हमारे द्वारा एक और प्रीमियम ब्राण्ड फेडरीको फ्रेगनिटो को लॉञ्च कर रहे हैं, जिसके लिए मार्केट में काफी संभावनाएं मौजूद हैं। इस ब्राण्ड में 500 से 1000 रूपए की रेंज शामिल होगी। इस ब्राण्ड के लिये कम्पनी पूरा मार्केटिंग नेटवर्क अलग तैयार करेगी। इसके अलावा हमारा ऑनलाइन गारमेंट्स ब्राण्ड भी बाजार में उपलब्ध है, जिसकी बाजार में काफी डिमाण्ड बनी हुई है। हम इन सभी ब्राण्ड्स को वृहत स्तर पर प्रमोट भी कर रहे हैं।

**Q. बांसवाड़ा सिंटेक्स के प्लांट की विशेषताएं ?**

**श्री शैलेंद्र पाण्डेय-** बांसवाड़ा सिंटेक्स इंडिया का एक ऐसा प्लांट है, जो फाइबर से लेकर फैशन तक का उत्पादन करता है। हमारे द्वारा निर्मित यार्न ग्लोबल मार्केट में काफी एक्सपोर्ट किया जाता है साथ ही भारतीय वस्त्र बाजार में सभी टॉप सिंथेटिक्स मिलों को हम भारी डिमाण्ड के साथ यार्न की सप्लाई कर रहे हैं। हमारे प्लांट में HI-TECH मशीनों से सुसज्जित स्पिनिंग (पीवी और वर्स्टेड)मशीनें स्थापित है। प्रोसेसिंग की बात की जाए तो हमारे पास इटालियन मशीनें स्थापित है, जिसकी फिनिश का कोई मुकाबला नहीं है। हाल ही में हमारे द्वारा वर्स्टेड स्पिनिंग में इन्वेस्टमेंट किया गया, जो पिछले 30 वर्षों में किसी ने नहीं किया। आज वर्स्टेड की काफी मिले बंद होने के कगार पर हैं, लेकिन हमने कुछ नया करते हुए जर्मन एण्ड फ्रेंच टेक्नोलॉजी पर कार्य करने की योजना बनाई है, जिससे क्वालिटी इंप्रूव हो। इसके द्वारा COST CONTROL पर भी ध्यान दिया जाता हैं, क्योंकि वर्स्टेड फैब्रिक की डिमाण्ड भारतीय एवं अन्तरराष्ट्रीय बाजारों में दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। हम हमेशा सामान्य सोच से हटकर कार्य करने में अग्रणी रहे हैं और हमारे प्रमोटर श्री रवि तोषनीवाल की सोच भी प्रॉडक्ट डवलपमेंट में बहुत गहरी है, जिससे कम्पनी को इनोवेटिव प्रॉडक्ट बनाने में काफी सहायता मिलती है। हम हमेशा प्रॉडक्ट डवलपमेंट एवं इनोवेशन पर गहन चर्चा करते हुए हमारे प्रॉडक्ट बाजार में देते हैं।

**Q. आगामी सीजन हेतु क्या योजना है ?**

**श्री शैलेंद्र पाण्डेय-** हमने इस सीजन हेतु 9 से 10 नए बेस बनाए हैं साथ ही मल्टी ब्लैंड्स के नये प्रॉडक्ट बाजार में उतारने की ओर अग्रसर हैं। इस रेंज में पोलीवूल, पीवी ही नहीं, बल्कि पीवी लाइक्रा, पीवी लाइक्रा के साथ लिनन ब्लैंड, लाइक्रा ब्लैंड के अलावा और भी 4 से 5 प्रकार के ब्लैंड को मिलाकर प्रॉडक्ट में इनोवेशन कर बाजार में प्रस्तुत किये जा रहे हैं। लिनन के प्राइस बढ़ने के कारण हमारे द्वारा नया यार्न LINEN LOOK तैयार किया है, जिसे जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है एवं बाजार में इसकी डिमाण्ड भी बनी हुई है। साथ ही यूरोपीयन मार्केट के लिए कॉटन फैशन प्रॉडक्ट बनाया है। इसके अलावा नए इनोवेशन में सायरो टेक्नोलॉजी से निर्मित शत्-प्रतिशत पॉलिएस्टर यार्न तैयार किया गया है। इस तरह के अनेक नए-नए प्रॉडक्ट पर हम कार्य कर रहे हैं। हमारा पूरा ध्यान चाइना एवं ताइवान से इम्पोर्ट पॉलिएस्टर फैब्रिक पर है। जिसको ध्यान में रखते हुए हम नई-नई टेक्नोलॉजी पर कार्य कर रहे है, जिससे भारतीय फैब्रिक को बढ़ावा मिल सके।

**Q. भारतीय वस्त्र बाजार की ग्रोथ के बारे में आपका क्या विचार हैं ?**

**श्री शैलेंद्र पाण्डेय-** कपड़ा बाजार की बात करें तो भारत की पोपुलेशन 140 करोड़ है और रोटी, कपड़ा एवं मकान की बात करें तो कपड़ा भी हमारी मूलभूत आवश्यकता है। यदि अच्छी ग्रोथ करनी है तो हमें हमेशा ग्राहकों की आवश्यकता एवं उनकी डिमाण्ड के हिसाब से उत्पादन करना चाहिए। कपड़े की प्राइस भी सबसे बड़ा फेक्टर है और कपड़े की प्राइस और फैब्रिक गुणवत्ता अगर सही है, तो ग्रोथ होना निश्चित है। हमें कुछ नया करते हुए हमेशा आगे बढ़ना चाहिए। हमें इंपोर्ट फैब्रिक की बजाय भारतीय उद्योग द्वारा निर्मित फैब्रिक को प्रमोट करने की आवश्यकता है। हम आज भी बांग्लादेश, इंडोनेशिया एवं श्रीलंका की गारमेंट इंडस्ट्रीज से काफी पीछे हैं। हमें कुछ नया करते हुए आगे बढ़ने की आवश्यकता है। कपड़ा बाजार में काफी संभावनाएं मौजूद है और यह निरंतर बढ़ती रहेगी।

**Q. केंद्र सरकार की योजनाएं कहां तक सार्थक हो रही है?**

**श्री शैलेंद्र पाण्डेय-** केंद्र सरकार टेक्सटाइल उद्योग को काफी सपोर्ट कर रही है। जब से देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी बने है उनका टेक्सटाइल के प्रति काफी अच्छा विजन है। लगातार केंद्र सरकार की योजनाएं हर राज्य को मिल रही है। आज टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए टेक्सटाइल पार्क की योजनाओं पर फोकस किया जा रहा है। हाल ही में आयोजित भारत टेक्स 2025 में प्रधानमंत्री जी द्वारा वहाँ आना इस बात को सार्थक करता है कि उनका ध्यान टेक्सटाइल उद्योग को आगे बढ़ाने पर है। आज सरकार काफी योजनाओं पर कार्य कर रही है, जिससे उद्योगपति लाभान्वित हो रहे हैं।




Simone Federico & Figli began its journey in 1876 from the picturesque town of Biella, nestled in the heart of Italy.

NOW IN INDIA AVAILABLE IN A STORE NEAR YOU

SIMONE FEDERICO & FIGLI
5th Floor, Gopal Bhawan, 199 Princess Street, Mumbai - 400 002 (MH) India; Tel.: +91 22 6633 6571 - 75
Customer Care: +91 22 6633 6576 | info@simonefederico.com | www.simonefederico.com

OUR ASSOCIATES:

FABCOTT INDIA CLOTHING LLP, DELHI: DELHI / PUNJAB / HARYANA / UTTAR PRADESH 9999831777 | PADMAVATI FABRICS, KOLKATTA: WEST BENGAL / BIHAR 09831025671 | MANISH TRADING CO., AHMEDABAD: GUJARAT / MADHYA PRADESH 9429004140 | MEGHAJI ASHWIN SHAH, MUMBAI: MAHARASHTRA 9819604002 | VINAYAKA TRADING CO., JAIPUR: RAJASTHAN 9602340000 | SHA HIRACHAND JAWANMAL & CO., BANGALORE: KARNATAKA 9886290009 | SHIVAM FABRICS PVT. LTD., HYDERABAD: TELANGANA / ANDHRA PRADESH 9885444440 | COTTON HOUSE, CHENNAI: TAMILNADU 9884247460 | HEMA INC, BANGALORE: KERALA 9448575111

22 फरवरी से 6 मार्च, 2025
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड




TESSITURA MONTI INDIA®

TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.

Mill:
Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer,
Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra.
INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in

Corporate Office :
77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027,
INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : office@monti.co.in Website : www.monti.co.in

Tessitura Monti India Pvt.Ltd — BORN IN ITALY 1911

Auth. Distributors : Maharashtra - M/s Decott Fashions , Mumbai | Gujarat & Rajasthan - M/s Advin, Ahmedabad | TamilNadu - M/s Bajrang Clothing, Chennai | Karnataka & Goa - M/s Popular Enterprises, Bengaluru | Karnataka, Goa, AP & Telangana - M/s Modern Impex, Bengaluru | West Bengal & Bihar - M/s Shree Paras Synthetics, Kolkata | Delhi NCR, UP, Punjab, Haryana, J&K - M/s Worldwide Fashions (RI), Delhi | AP & Telangana - M/s SHA Hirachand Jawanmal & Co.(SHJ),Bengaluru




Available at all leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005.
For franchise enquiries, contact: 09820197273. Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:

# Siyaram's द्वारा भारत टेक्स 2025 में अभूतपूर्व प्रदर्शन

















## माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया भारत टेक्स 2025 को संबोधित



**नई दिल्ली/** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स 2025 को संबोधित किया। उन्होंने इस अवसर पर प्रदर्शित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने भारत टेक्स 2025 में सभी का स्वागत किया और कहा कि आज भारत मंडपम भारत टेक्स के दूसरे संस्करण का साक्षी बन रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से हमारी विरासत के साथ-साथ विकसित भारत की संभावनाओं की झलक भी देखने को मिली, जो भारत के लिए गर्व की बात है। श्री मोदी ने कहा कि 'भारत टेक्स अब एक मेगा ग्लोबल टेक्सटाइल इवेंट बन रहा है।' उन्होंने कहा कि इस बार मूल्य श्रृंखला के स्पेक्ट्रम से संबंधित सभी बारह समुदाय इस आयोजन का हिस्सा थे। उन्होंने आगे कहा कि एक्सेसरीज, गारमेंट्स, मशीनरी, कैमिकल्स और रंगों की भी प्रदर्शनी लगाई गई थी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत टेक्स दुनियाभर के नीति निर्माताओं, सीईओं और उद्योग जगत के नेताओं के लिए जुड़ाव, सहयोग और साझेदारी का एक मजबूत मंच बन रहा है। उन्होंने इस आयोजन में शामिल सभी हितधारकों के प्रयासों की सराहना की।

श्री मोदी ने कहा कि 'आज भारत टेक्स में 120 से अधिक देश भाग ले रहे हैं।' उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि प्रत्येक प्रदर्शक को 120 से अधिक देशों का अनुभव प्राप्त हुआ, जिससे उन्हें स्थानीय से वैश्विक स्तर पर अपने व्यवसाय का विस्तार करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि नए बाजारों की तलाश करने वाले उद्यमियों को विभिन्न वैश्विक बाजारों की सांस्कृतिक आवश्यकताओं का अच्छा अनुभव मिल रहा है। कार्यक्रम में प्रदर्शनी में अपनी यात्रा को याद करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने कई स्टॉल देखे और उद्यमियों से बातचीत की। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कई प्रतिभागियों ने पिछले साल भारत टेक्स में शामिल होने के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बड़े पैमाने पर नए खरीददार पाने और अपने व्यवसाय का विस्तार करने की सूचना दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आयोजन कपड़ा क्षेत्र में निवेश, निर्यात और समग्र विकास को महत्त्वपूर्ण रूप से बढ़ावा दे रहा है। श्री मोदी ने बैंकिंग क्षेत्र से कपड़ा क्षेत्र के उद्यमियों की जरूरतों को पूरा करने का आग्रह किया ताकि उनके व्यवसाय का विस्तार करने में मदद मिल सके और रोजगार के अवसर पैदा हो सकें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'भारत टेक्स हमारे पारंपरिक परिधानों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करता है।' उन्होंने कहा कि पूर्व से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण तक, भारत में पारंपरिक परिधानों की एक विस्तृत श्रृंखला है। उन्होंने विभिन्न प्रकार के परिधानों पर प्रकाश डाला, जैसे-लखनवी चिकनकारी, राजस्थान और गुजरात से बांधनी, गुजरात से पटोला, वाराणसी से बनारसी रेशम, दक्षिण से कांजीवरम रेशम और जम्मू-कश्मीर से पश्मीना इत्यादि। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि हमारे कपड़ा उद्योग की विविधता और विशिष्टता और इसके विकास को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के आयोजनों का यह सही समय है।

पिछले साल उन्होंने कपड़ा उद्योग के लिए पाँच कारकों पर चर्चा की थी -फार्म, फाइबर, फैब्रिक, फैशन और फोरेन पर प्रकाश डालते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह विजन भारत के लिए एक मिशन बन रहा है, जो किसानों, बुनकरों, डिजाइनरों और व्यापारियों के लिए विकास के नए रास्ते खोल रहा है। उन्होंने बताया कि 'पिछले साल भारत ने कपड़ा और परिधान निर्यात में 7% की वृद्धि देखी और अब यह दुनिया में कपड़ा और परिधानों का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है।' उन्होंने कहा कि भारत का कपड़ा निर्यात 3 लाख करोड़ रुपए तक पहुँच गया है, जिसे 2030 तक 9 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ाने का लक्ष्य है।

## अनेक देशों के एक्सपोर्टर्स एवं इम्पोर्टर्स रेंज देख हुए प्रभावित

### सूटिंग-शर्टिंग, डेनिम की रेंज का भव्य डिस्प्ले



**नई दिल्ली/** 4 दिवसीय इस आयोजन में सियाराम्स द्वारा TR में हैवी TR, 4 वे स्ट्रेच फैब्रिक्स, 100 प्रतिशत लिनन सूटिंग, टेरी रेयॉन, 2 वे स्ट्रेच, TR स्ट्रेच, 4 वे फैशन, एथनिक रेंज, यूनिफॉर्म, कडिनी परफ्यूम, गीजा कॉटन शर्टिंग में जैकॉर्ड, डोबी, प्रिंट, स्ट्रक्चर, स्ट्राइप्स का समावेश था। इस अवसर पर सियाराम्स द्वारा आने वाले सीजन को ध्यान में रखते हुए अनेक नए कलर्स पैटर्न को प्रदर्शित किया गया। इस बार कम्पनी द्वारा अपने डेनिम ब्राण्ड डेननिट में मल्टीपल ब्लैंड के फैब्रिक प्रदर्शित किए गये, जिनको इन 4 दिनों में बाहर से आए अंतरराष्ट्रीय व्यापारियों, एक्सपोर्टर्स, इम्पोर्टर्स एवं गारमेंटर्स ने जबरदस्त सराहा। सियाराम्स के अपेरल ब्राण्ड के कैजुअल एण्ड फॉर्मल पेंट-शर्ट की लेटेस्ट रेंज एक्सपोर्टर्स बायर्स को बहुत पसंद आई। कम्पनी द्वारा यूनिफॉर्म फैब्रिक का भी डिस्प्ले किया गया, जिसमें कॉर्पोरेट यूनिफॉर्म एवं स्कूल यूनिफॉर्म को जबरदस्त सराहना मिली।


श्री रमेश पोद्दार

भारत टेक्स 2025 एग्जीबिशन में सियाराम्स ने अपने अनेक नये कलेक्शन का भव्य डिस्प्ले किया, जिसमें शानदार रिस्पॉन्स मिला। भारत सरकार द्वारा यह द्वितीय एडिशन था, जो वाकई में लाजवाब रहा। मुझे खुशी है कि सरकार टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नित नए प्रयास कर रही है, जहाँ एक ही छत के नीचे टेक्सटाइल की सभी कैटेगरी को शामिल किया गया है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने विजन के बारे में सभी के साथ संवाद किया। वे कपड़ा क्षेत्र में निवेश, निर्यात और समग्र विकास को महत्त्वपूर्ण रूप से बढ़ावा दे रहे है। हमारे कपड़ा उद्योग की विविधता, विशिष्टता और इसके विकास को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के आयोजनों का यह सही समय है।

























# वर्ष 2030 तक टेक्सटाइल एवं गारमेंट निर्यात 9 लाख करोड़ पहुंचाने का लक्ष्य

**पीएम मोदी का बैंकों से आग्रह कि कपड़ा क्षेत्र की आवश्यकता को पूरा करें**



























**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

देश में टेक्सटाइल व गारमेंट उद्योग के महत्त्व और संभावनाओं को देखते प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बैंकों से आग्रह किया कि वे कपड़ा क्षेत्र के उद्यमियों की आवश्यकताओं को पूरा करे, ताकि उद्यमियों को अपने व्यवसाय का विस्तार करने में सहयता तथा रोजगार के अवसर पैदा हो सकें। उन्होंने कहा कि सदियों पहले जब भारत समृद्धि के शिखर पर था तो कपड़ा उद्योग की भूमिका महत्त्वपूर्ण थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि कपड़ा उद्योग देश की समृद्धि में एक बार फिर वहीं भूमिका निभाएगा। विगत दिनों प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में भारत टेक्स 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि गत वर्ष भारत से कपड़ा और परिधान निर्यात में 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और विश्व में टेक्सटाइल और गारमेंट का छठा सबसे बड़ा निर्यातक देश बन गया है।

भारत का टेक्सटाइल और गारमेंट निर्यात 3 लाख करोड़ रूपए तक पहुँच गया है, इसे वर्ष 2030 तक 9 लाख करोड़ रूपए तक पहुँचाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष कपड़ा उद्योग के लिए 5 एफ (फार्म से फाइबर, फैब्रिक, फैशन और फॉरेन) बात की थी और यह विजन अब एक मिशन बन रहा है जो किसानों, बुनकरों, डिजाइनरों और व्यापारियों के लिए विकास के नए रास्ते खोल रहा है। उन्होंने कहा कि कपड़ा क्षेत्र में सफलता एक दशक के लगातार प्रयासों और नीतियों का परिणाम है तथा एक दशक में कपड़ा क्षेत्र में विदेशी निवेश दोगुना हो गया है। पीएम मोदी ने कहा कि कपड़ा उद्योग देश में सबसे अधिक रोजगार देने वाले क्षेत्रों में से एक है और विनिर्माण क्षेत्र में 11 प्रतिशत का योगदान देता है। उन्होंने इस बजट में घोषित मिशन मैन्युफेक्चरिंग का जिक्र करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में निवेश और विकास से करोड़ों कपड़ा श्रमिकों को लाभ मिल रहा है।

**प्रतिबद्धता...** प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि इस सेक्टर की चुनौतियों का समाधान करना और भारत के कपड़ा क्षेत्र की क्षमता को साकार करना उनकी प्रतिबद्धता है। गत एक दशक के प्रयास और नीतियां इस वर्ष के बजट में नजर आ रही है तथा एक विश्वसनीय कपास आपूर्ति सुनिश्चित करने और भारतीय कपास को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाने और मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने के लिए कपास उत्पादकता मिशन की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कपड़ा क्षेत्र के लिए आवश्यक नीतिगत निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने इस वर्ष के बजट में एमएसएमई के वर्गीकरण मानदंडों के विस्तार और ऋण उपलब्धता में वृद्धि पर प्रकाश डालते हुए आशा व्यक्त की कि एमएसएमई से 80 प्रतिशत योगदान वाले कपड़ा क्षेत्र को इन उपायों से बहुत लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने प्रौद्योगिकी के युग में हथकरघा शिल्प कौशल की प्रामाणिकता बनाए रखने के महत्त्व पर बल दिया तथा कहा कि हथकरघा कारीगरों के कौशल और अवसरों को बढ़ाने और उनके उत्पाद वैश्विक बाजारों में पहुँचाने के लिए गत 10 वर्षों में हथकरघा को बढ़ावा देने के लिए 2400 से अधिक बड़े विपणन कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि गत वर्ष भारत टेक्स कार्यक्रम के दौरान टेक्सटाइल स्टार्टअप ग्रेंड चैलेंज की शुरूआत की गई थी, जिसमें कपड़ा क्षेत्र के लिए युवाओं से अभिनव टिकाऊ समाधान आमंत्रित किए गए थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि देशभर से युवा प्रतिभागियों ने इस चैलेंज में सक्रिय रूप से भाग लिया और विजेताओं को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

**स्टार्ट-अप...** श्री मोदी ने युवाओं को नए तकनीकी वस्त्र स्टार्टअप लाने और नए विचारों पर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सुझाव दिया कि कपड़ा उद्योग नए उपकरण विकसित करने के लिए आईआईटी जैसे संस्थानों के साथ सहयोग कर सकता है। उन्होंने देखा कि नई पीढ़ी आधुनिक फैशन के रूझानों के साथ-साथ पारंपरिक परिधानों की भी सराहना कर रही है। इसलिए, उन्होंने परंपरा को नवाचार के साथ जोड़ने और वैश्विक स्तर पर नई पीढ़ी को आकर्षित करने के लिए पारंपरिक परिधानों से प्रेरित उत्पादों को लॉन्च करने के महत्त्व पर जोर दिया।

**रद्दी कपड़े...** प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कपड़ा उद्योग में संसाधनों के अधिकतम उपयोग करते हुए बचे हुए रद्दी कपड़े के उत्पादन कम से कम करने का आग्रह किया। फास्ट फैशन वेस्ट के बारे में उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते फैशन के कारण हर महीने लाखों कपड़े फेंक दिए जाते हैं, जिससे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर खतरा पैदा होता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक फैशन वेस्ट148 मिलियन टन तक पहुँच सकता है। उन्होंने कहा कि भारत कपड़ा उद्योग की इस चिंता को अवसर में बदल सकता है एवं कपड़े का रिसाइकिल कर नए आइटम बना सकता है। इस समय केवल 25 प्रतिशत फैशन वेस्ट को ही रिसाइकिल किया जा रहा है।

**अप-साइक्लिंग...** उन्होंने कहा कि कपड़ा मंत्रालय ने अप-साइक्लिंग को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक उद्यमों और ई-मार्केटप्लस के स्थायी सम्मेलन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें कई अप-साइक्लर पहले ही पंजीकृत हो चुके हैं। उनके अनुसार नवी मुम्बई और बैंगलुरू जैसे शहरों में घर-घर जाकर रद्दी कपड़े इकट्ठा करने के लिए पायलट प्रोजेक्ट चलाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप्स को इन प्रयासों में शामिल होने अवसरों का पता लगाने और वैश्विक बाजार में अग्रणी बनने के लिए शुरूआती कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उनका अनुमान है कि भारत का कपड़ा रिसाइक्लिंग बाजार अगले कुछ वर्षों में 400 मिलियन डॉलर तक पहुँच सकता है, जबकि वैश्विक पुनर्नवीनीकरण कपड़ा बाजार 7.5 बिलियन डॉलर तक पहुँच सकता है। श्री मोदी ने कहा कि सही दिशा के साथ भारत इस बाजार में बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर सकता है और कहा कि भारत टेक्स अब एक जबरदस्त वैश्विक टेक्सटाइल कार्यक्रम बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत टेक्स 2025 में नीति निर्माताओं और वैश्विक सीईओ, 5,000 से अधिक प्रदर्शकों, 120 से अधिक देशों के 6,000 अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और अन्य आगंतुकों के आने का अनुमान है। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन में शामिल सभी हितधारकों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि नए बाजारों की तलाश करने वाले उद्यमियों को विभिन्न वैश्विक बाजारों की सांस्कृतिक आवश्यकताओं का अच्छा अनुभव मिल रहा है।

**शिखर पर भारत...** श्री मोदी ने कहा कि सदियों पहले जब भारत समृद्धि के शिखर पर था, तब कपड़ा उद्योग ने उस समृद्धि में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जैसे-जैसे भारत विकसित भारत बनने के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ेगा, कपड़ा क्षेत्र एक बार फिर प्रमुख भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत टेक्स जैसे आयोजन इस क्षेत्र में भारत की स्थिति को मजबूत कर रहे हैं।


































22 फरवरी से 6 मार्च, 2025
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
AMBALA CITY
TEXTILE TRADE EDITION
Prepared by: SATYA PRAKASH- 80035 96097 | 98282 49064


## मेन्स वियर फैब्रिक्स के प्रमुख होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर

# VIJAY TRADING CO.


श्री विजय हसीजा


श्री रजत हसीजा

अम्बाला सिटी/ मेन्स वियर फैब्रिक्स के होलसेल व्यवसाय में अल्प समय में अच्छी पहचान बना चुका संस्थान 'विजय ट्रेडिंग कम्पनी' स्थानीय मण्डी ही नहीं अपितु पूरे उत्तर भारत में ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग की होलसेल सप्लाई के लिए मशहूर है। अनुभवी वस्त्र व्यवसायी श्री विजय हसीजा द्वारा स्थापित 'विजय ट्रेडिंग कम्पनी' पर मेन्स वियर सेगमेंट के टॉप फैब्रिक ब्राण्ड्स का काम बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। वस्त्र व्यवसाय के गहरे अनुभवी श्री विजय हसीजा ने अपने मधुर व्यवहार एवं व्यावसायिक कुशलता से वस्त्र व्यवसाय में अनुकरणीय सफलता अर्जित की है। संस्थान के कामकाज में इनके युवा सुपुत्र श्री रजत हसीजा अहम भूमिका निभा रहे हैं। अपने पिताश्री के दिशा-निर्देशन में इन्होंने संस्थान पर अपनी क्रिएटिव सोच का परिचय देते हुए इनोवेटिव ब्राण्ड्स की उपलब्धता सुनिश्चित कर सफलता का मार्ग प्रशस्त किया।

### प्रीमियम सूटिंग-शर्टिंग एवं एथनिक फैब्रिक्स में वाइडेस्ट रेंज आपूर्ति में अग्रणी

श्री रजत हसीजा के अनुसार 'विजय ट्रेडिंग कम्पनी' पर लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेण्डस के अनुरूप नित नये डवलपमेंट देने वाले फैब्रिक्स ब्राण्ड्स का काम किया जा रहा है। मेन्स वियर सेगमेंट में सबसे प्रसिद्ध ब्राण्ड अरविंद के कॉटन, लिनन, टीआर, टेरीवूल सभी तरह के सूटिंग-शर्टिंग सहित अगाथे एवं युवांते ब्राण्ड में भी भरपूर रेंज की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। प्रीमियम शर्टिंग में कृपलोन, स्ट्रेच लाइक्रा सूटिंग्स में ग्राडो तथा एथनिक फैब्रिक्स में एथीना ब्राण्ड के फैब्रिक्स में व्यापक रेंज सप्लाई की जा रही है। इनके अलावा संस्थान पर मेन्स वियर के लिए पीसी कॉटन, डेनिम, कॉर्डरॉय सूटिंग-शर्टिंग एवं इम्पोर्टेड फैब्रिक भी उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

### प्रीमियम फैशन फैब्रिक ब्राण्ड्स

Arvind FASHIONING POSSIBILITIES | GRADO LUXURY FABRICS & APPARELS | Kriplon EXCLUSIVE SHIRTINGS | GEOFFREY HAMMONDS PREMIUM FABRICS

'विजय ट्रेडिंग कम्पनी' पर उपलब्ध ब्राण्ड्स की बात करें तो मेन्स वियर क्षेत्र के पोपुलर ब्राण्ड्स का काम किया जा रहा है। जिसमें अरविंद, अगाथे, युवांते, कृपलोन, ग्राडो, एथीना, ज्योफरी हेमण्ड्स जैसे प्रतिष्ठित ब्राण्ड्स के कपड़ें वाजिब दरों में उपलब्ध कराये जा रहे हैं। श्री विजय हसीजा ने बताया कि सभी ब्राण्ड्स के तहत व्यापक रेंज एवं भरपूर स्टॉक मेंटेन किया जाता है।

### रिटेल शोरूम का सफल संचालन

श्री रजत हसीजा रिटेल व्यापार को भी बखूबी देख रहे हैं। मेन्स वियर के लिए प्रसिद्ध मेन्स फैब्रिक ब्राण्ड्स के तहत व्यापक रेंज बिक्री के लिए उपलब्ध है। संस्थान द्वारा ग्राहकों के लिए प्रीमियम सूटिंग-शर्टिंग सहित एथनिक फैब्रिक, कॉटन, लिनन, डेनिम, कॉर्डरॉय, पीसी, कुर्ता-पायजामा फैब्रिक, इम्पोर्टेड फैब्रिक आदि की वाजिब दरों में ब्रिकी कर रहे हैं। वहीं रिटेल में विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश ब्राण्ड हॉलेण्ड एण्ड शेरी का भी काम किया जा रहा है।

### ग्राहक संतुष्टि के लिए समर्पित

'विजय ट्रेडिंग कंपनी' होलसेल वस्त्र व्यवसाय में एक समान पॉलिसी के साथ रिटेलर्स को अच्छी वैरायटी का फैशनेबल एवं स्टाइलिश फैब्रिक कलेक्शन सप्लाई के लिए समर्पित है। फेयर डीलिंग, फास्ट डिलिवरी, भरपूर स्टॉक, रीजनेबल रेट्स में प्रीमियम फैब्रिक की सप्लाई संस्थान की कार्यशैली रही है। श्री विजय हसीजा ने कहा कि फेयर डीलिंग एवं रिटेल व्यापारियों के भरोसे से हमने इस साल अच्छी ब्रिकी दर्ज की है।

**वर्ष 2024-25 अच्छा रहा...** श्री विजय हसीजा ने कहा कि बिक्री के हिसाब से वर्ष 2024-25 पिछले साल से बेहतर रहा है। हमारे संस्थान पर इस साल 50 प्रतिशत बिक्री बढ़ी है। युवाओं में प्रीमियम फैब्रिक्स के बढ़ते क्रेज एवं फैब्रिक ब्राण्ड्स द्वारा किये जा रहे नियमित इनोवेशन से बाजार में अच्छे कपड़े की मांग बढ़ी है। खासतौर से एथनिक वियर के बढ़ते क्रेज के चलते एथनिक फैब्रिक्स की मांग में भारी इजाफा हुआ है। हमने भी इस साल एथनिक फैब्रिक की बहुत अच्छी बिक्री की है। इसके अलावा हमारी पूरी टीम ने इस साल बहुत मेहनत भी की है। संस्थान पर फैशनेबल एवं स्टाइलिश ब्राण्ड्स के कपड़े की भरपूर उपलब्धता के लिए संस्थान पर टॉप ट्रेण्डिंग ब्राण्ड्स के काम को प्राथमिकता दी जा रही है। यहीं वजह है कि इस साल हमने अपनी टीम की मेहनत से अच्छी बिक्री दर्ज की है।




Authorised Distributor

**VIJAY TRADING CO.** S.C.O. 8, Wholesale Textile Market, Aggarsain Chowk, AMBALA CITY (HARYANA) Tel. : 0171-4065863, Email: vtcambala@outlook.com

VIJAY HASIJA 98963 65863 | RAJAT HASIJA 83750 28133



## प्रीमियम सूटिंग शर्टिंग एवं एथनिक फैब्रिक्स की आपूर्ति में अग्रणी संस्थान

# मोहिन्द्रा ब्रदर्स टेक्स फैब एलएलपी


श्री मोहिन्दर आहूजा


श्री मुकेश आहूजा

